हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 37.8 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

12 रेलवे की जमीन पर बसे सैकड़ों झुग्गीवासियों नोटिस...



13 संयुक्त ट्रेड यूनियनों का लेबर कोड बिल...






## खबर संक्षेप

### अधेड़ का शव पेड़ पर लटका मिला, होगी जांच

**भिलाई।** अधेड़ का शव पंदे पर लटके मिलने की सूचना मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने सबसे पहले लाश को देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पीएम के लिए भेज दिया। घटना कैंप-2 क्षेत्र में बुधवार सुबह बैकुंठधाम मंदिर के पास की है। छावनी पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि मृतक शांति नगर निवासी आकाश अग्रवाल के रूप में हुई है। सुबह आसपास लोग मंदिर के पास से निकल रहे थे। तभी पेड़ से लटका शव पर लोगों की नजर गई। देखने पर आत्महत्या जैसा प्रतीत हो रहा है। लेकिन शव के पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। पीएम के लिए सुपेला अस्पताल शव को भेजा गया है। शव को देखने पर मृतक के पैर जमीन से सटा था। इस कारण कई संदेहों को शव जन्म दे रहा है जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है।

### अवैध गांजा के साथ तीन अपचारी पकड़ाए

**भिलाई।** गांजा तस्करी करते हुए तीन अपचारी बालिकाएं पुलिस गिरफ्त में आई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन टीम पहुंची दबिश देकर बालिकाओं से 7 पैकेट में 8 किलो 44 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 4 लाख रुपए आंकी गई है। इसके अलावा दो मोबाइल, नगदी रकम 36,20 रुपए बरामद किया है। पुलिस ने महिला पुलिस कर्मियों के उपस्थिति में तीनों अपचारी बालिकाओं को पकड़ा गया है। उनकी तलाशी लेने पर बैग से गांजा मिला।

### गांजा के साथ महिला और युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा बेचते पुलिस ने एक युवक व महिला को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने गांजा 03 किलो 472 ग्राम जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 1.73 लाख रुपये आंकी गई है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुण्ठ धाम, दशहरा मैदान मंच के पास कैम्प 2 में गांजा बेचने की शिकायत मिली थी। टीम मौके पर पहुंची और दबिश दिया। जहां से कैम्प 01 निवासी एस बोस, एस शीतल को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने गांजा, नगदी रकम बरामद किया गया है। पुलिस आम नागरिकों से अपील किया है कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर पुलिस को दे।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद जांच रिपोर्ट और सुनवाई के बाद हुई कार्रवाई

# आरटीई में फर्जी दस्तावेजों से प्रवेश लेने वाले 23 बच्चों का दाखिला हुआ निरस्त

## शिक्षा माफियाओं में हड़कंप, राज्य को जिला शिक्षा विभाग ने भेजी रिपोर्ट


खुलासा : स्कूल शिक्षा मंत्री के गृह जिले में चल रहा है ऐसा खेल
आरटीई में बड़ा फर्जीवाड़ा- भिलाई निगम के जाली दस्तावेज से हुआ 28 बच्चों का दाखिला

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

निःशुल्क अनिवार्य एवं बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दाखिला लेने वाले 23 बच्चों का एडमिशन निरस्त करने की बड़ी कार्रवाई हुई है। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश पर जिला शिक्षा विभाग दुर्ग ने की है।

हाईकोर्ट के निर्देश पर जिला शिक्षा विभाग दुर्ग की जांच टीम ने जांच के दौरान इन सभी बच्चों और उनके पालकों को बुलाकर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान पालकों से वैध दस्तावेज की मांग की गई, लेकिन पालक वे दस्तावेज नहीं पेश कर पाए, जिसके आधार पर आरटीई में एडमिशन होता है। इन बच्चों ने वर्ष 2025-26 यानि जारी शैक्षणिक सत्र में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश लिया है। इस कार्रवाई से उन शिक्षा माफियाओं में हड़कंप मच गया है, जिनके सहारे बच्चों ने भिलाई के नामी स्कूलों में दाखिला पाया था।

### इस तरह फर्जी दाखिले की हुई पुष्टि

आरटीई अधिनियम 2009 अंतर्गत बच्चों के पालकों ने गरीबी रेखा की 2007-08 की सर्वे सूची के आधार देते हुए फर्जी प्रमाण-पत्र देकर आवेदन किया और गलत तरीके से प्रवेश लिया गया। शिकायत की जांच के दौरान 17 मार्च 2026 को इसकी सुनवाई हुई। इसमें प्रभावित बच्चों के पालकों से अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखने को कहा गया। सभी पालक सुनवाई में उपस्थित हुए और अपना पक्ष रखा, लेकिन प्रमाण पत्र के संबंध में वैधता से सबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। जब आवेदक पालकों का पक्ष सुनने के बाद तथ्यों और दस्तावेजों के साथ आरटीई पोर्टल का अवलोकन किया गया जिसमें पाया गया कि आवेदक के द्वारा गलत प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर प्रवेश लिया गया है।

### छात्रहित में यह भी निर्णय - पढ़ाई पूरी करेंगे इस साल ये प्रभावित छात्र

हाईकोर्ट ने 11 मार्च को भिलाई के शिकायतकर्ता सीवी भगवंत राव की जनहित याचिका पर सुनवाई पूरी की। सुनवाई के बाद उन्होने छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग को यह आदेशित किया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आरटीई में प्रवेश लेने वाले बच्चों की निष्पक्ष जांच करवाई जाएं और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस आदेश के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी को यह निर्देशित किया और सभी प्रवेशित बच्चों के नाम भेजे गए। इस मामले की जांच जिला शिक्षा विभाग ने पूरी कर कार्रवाई रिपोर्ट छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग को भेजी है। चूंकि सभी 23 बच्चे वर्तमान शिक्षा सत्र में अध्ययनरत हैं इसलिए इस साल की पढ़ाई पूरी करेंगे। उसके बाद नए शिक्षण सत्र 2026-27 से आरटीई अधिनियम 2009 की धारा 05 की उपधारा (1) एवं (2) के तहत छात्र का राज्य के किसी भी शासकीय विद्यालय या शासकीय अनुदान प्राप्त विद्यालय में प्रवेश ले सकेंगे।

### इन बच्चों का दाखिला हुआ निरस्त

जिन 23 बच्चों का दाखिला निरस्त हुआ है उसमें आरटीई क्रमांक 202500805341 इशात साहू, आरटीई 202500805335 इशिका साहू, आरटीई 202500764006 नितिशा साहू, आरटीई 202500797045 क्रियाश, आरटीई 202500834723 प्रतीक द्विवेदी, आरटीई 202500839485 समक विश्वकर्मा, आरटीई 202500815645 जयेश सिन्हा, आरटीई 202500801728 सार्थक खण्डारे, आरटीई 202500815160 जितेन्द्र कुमार साहू, आरटीई 202500784766 प्रियांशी यादव, आरटीई 202500763016 जीविका कंड्रा, आरटीई 202500805403 अन्वेष राय, आरटीई 202500739425 वजिता जैन, आरटीई 202500808553 साई श्याम कुमार, आरटीई 202500791842 शिवांश साव, आरटीई 202500795631 वेदांत सिंह, आरटीई 202500814345 शम्भू साहू, आरटीई 202500814792 अयांश सिंह, आरटीई 202500753223 अभिजीत सिंह, आरटीई 202500785726 तनुशा सिंग, आरटीई 202500779393 क्रिटिक सिंह, आरटीई 202500723937 हर्षित ठाकुर और आरटीई क्रमांक 202500740675 अलीजा राव के नाम शामिल हैं।

### भिलाई के नामी स्कूलों में लिया दाखिला

जांच रिपोर्ट के मुताबिक इन बच्चों ने भिलाई के जिन नामी स्कूलों में दाखिला लिया है उसमें डीपीएस भिलाई में प्रवेशित 9 बच्चे, कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरूनगर में प्रवेशित 5 बच्चे, माइल स्टोन एकादमी भिलाई में प्रवेशित 6 बच्चे और एक अन्य स्कूल में प्रवेशित 3 बच्चे शामिल हैं। जिनका प्रवेश जिला शिक्षा विभाग ने निरस्त किया है।

### कार्रवाई रिपोर्ट राज्य को प्रेषित

छग स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश पर आरटीई में प्रवेशित 23 बच्चों की जांच करवाई। जांच के बाद इन बच्चों के पालकों की सुनवाई भी पूरी की। सुनवाई के दौरान जो दस्तावेज आरटीई पोर्टल में पेश किए हैं उनकी सत्यता भी परखी गई। जिसमें जिसमें संबंधित द्वारा दिये गये प्रमाण पत्र के संबंध में वैधता से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पोर्टल में प्रस्तुत दस्तावेज भी गलत पाए गए। इसलिए उनका प्रवेश निरस्त करने की कार्रवाई की गई है। **-अरविंद कुमार मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी

## फैक्ट्री संचालक और ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** कंपनी के हादसे के बाद महिला का उंगली कटने पर पुलिस ने जांच के बाद कंपनी संचालक और ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि रिंगनी भिलाई तीन निवासी आरती साहू फरवरी 2024 से मयुरा इंडस्ट्रीज कम्पनी हथखोज मे रेजा काम करती थी। 15 फरवरी को कम्पनी के काम करते समय लोहे का एंगल स्क्रेब उसके दाहिने हाथ पंजा में गिर गया। हादसे में दाहिने हाथ बीच अंगुली फैक्चर हो गया। जिससे दाहिने हाथ बीच के अंगुली कट गई। शिकायत करने पर पुलिस ने संचालक एवं कम्पनी ठेकेदार जामुल निवासी कपिल निर्मलकर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।







## थनौद में 6 मीटर ऊंचा बनेगा अंडर पास, शुरू किया गया काम



**दुर्ग।** भारतमाला परियोजना के अंतर्गत टेडेसरा से होकर उतई, पाटन, अभनपुर होकर आरंग तक बनाई जा रही सिक्सलेन सड़क पर थनौद में अंडर पास की ऊंचाई बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर यह कवायद शुरू की गई है। पिछले दिनों इसे लेकर किसानों ने उग्र प्रदर्शन किया था। इसके बाद अंडर पास की ऊंचाई 6 मीटर किए जाने का निर्णय लिया गया। इसका काम भी शुरू कर दिया गया है।

कलेक्टर ने अंडरपास ब्रिज की ऊंचाई की स्वीकृति नहीं होने तक विवादित स्थल पर कार्य नहीं होने एवं शेष कार्य चालू करने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद ही किसानों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त किया गया था। आज कृषकों की दो प्रमुख माँगों में से एक अंडरपास की ऊँचाई बढ़ाने की मांग पर मुहर लग गई है। स्वीकृति मिलने के बाद वहां कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। कार्य प्रारंभ होने संबंधी जानकारी से ग्रामीणजनों एवं कृषकों को भी अवगत करायी गई है।

### पहले ऊंचाई 4 मीटर थी, भारी वाहनों की आवाजाही में दिक्कत

बता दें कि पहले अंडरपास की ऊंचाई 4 मीटर थी, जिसे लेकर किसान, ग्रामीण, मूर्तिकार आंदोलित थे, उनकी मांग थी कि ऊंचाई बढ़ाई जाये, जिससे हार्वेस्टर धान परिवहन, मूर्ति परिवहन में आसानी हो। इन कारणों से उनके द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल कर निर्माणकार्य को प्रभावित किया गया। अंडरपास की ऊंचाई अब 4 मीटर से बढ़ा कर 6 मीटर की जा रही है।

## जिले के प्रदूषण फैलाने वाले 67 उद्योगों को नोटिस, 17 की बिजली काटने और प्रोडक्शन रोकने के निर्देश

**दुर्ग।** पर्यावरण विभाग ने प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विरुद्ध कड़ी की कार्रवाई की है। उद्योगों में उनकी प्रकृति के अनुरूप वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु स्थापित उपस्करों यथा ईएसपी, बैग फिल्टर, वेट स्कबर, डस्ट कलेक्टर तथा जल प्रदूषणकारी उद्योगों में जल प्रदूषण के नियंत्रण हेतु स्थापित उपस्कर यथा ईटीपी, न्युट्रालाईजेशन सह सेटलिंग टैंक का सतत संचालन सुनिश्चित करवाया जा रहा है। इसके अंतर्गत उद्योगों से उत्सर्जन की स्थिति पाए जाने पर प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम, 1981 एवं जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम, 1974 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अनिता सांवत से मिली जानकारी अनुसार विगत वर्ष 2025 से अब तक उत्सर्जन तथा दूषित जल का निस्सारण पाये जाने पर उल्लंघनकारी 67 उद्योगों को नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले 17 उद्योगों के बिजली कनेक्शन काटने के साथ उत्पादन बन्द करने के निर्देश दिए गए। जल एवं वायु प्रदूषण की स्थिति निर्मित करने वाले उद्योगों पर कुल 58,11,250 रुपए पर्यावरण क्षतिपूर्ति आरोपित की गई। कच्चे माल, उत्पाद एवं ठोस अपशिष्ट का खुले में परिवहन करने पर 73 उद्योगों के विरुद्ध कुल 24,65,000 रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति आरोपित किया गया।

## ऑनलाइन सट्टा गिरोह के चार युवक पुलिस की गिरफ्त में, भेजा गया जेल

**भिलाई।** ऑनलाइन सट्टा ग्रोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पुलिस ने कैम्प 1 आदर्श मार्केट निवासी परमेश गेडाम, सरोना रायपुर शिवा वैष्णव उर्फ समीर, सेक्टर 2 मोहम्मद असलम, शांति पारा कैम्प 1 सत्यपाल पासवान को गिरफ्तार किया है। घटना जामुल थाना क्षेत्र की है। सटोरियों को सुंदर विहार कॉलोनी फेस-2, नालंदा स्कूल के पीछे, थाना जामुल के पास से पकड़ा है। सटोरियों से पुलिस ने 6 मोबाइल . नगद 65 हजार रुपए जब्त किया है। पुलिस जांच में पाया गया कि सटोरियों द्वारा ऑनलाइन सट्टा संचालन में सहयोग करते हुए आईडी उपलब्ध कराने, लेन-देन प्रबंधन, तकनीकी सहायता प्रदान करने का काम करते थे। सभी आरोपी सोशल मीडिया से ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने की बात सामने आई है।






## भिलाई के स्कूलों में चलाया गया विशेष अभियान

# फायलेरिया के मिले 7 मरीज, निजी स्कूलों में नहीं हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

फायलेरिया को जड़ से खत्म करने स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर के स्कूलों में विशेष जांच अभियान चलाया, जिसमें चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। 22 अलग-अलग स्कूलों में 355 बच्चों की जांच के दौरान 7 बच्चे फायलेरिया से ग्रसित पाए गए हैं।

- 22 अलग-अलग स्कूलों में 355 बच्चों की जांच

यह अभियान 25 फरवरी से 16 मार्च के बीच चलाया गया, जिसमें खास तौर पर 6 से 7 साल के बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। अभियान के दौरान स्कूल में अनुपस्थिति के कारण कुछ बच्चों की जांच नहीं हो पाई। ऐसे बच्चों के लिए स्कूलों में संपर्क कर जांच की जाएगी। यह कार्यवाही सीएमएचओ डॉ. दानी के निर्देशन और खंड चिकित्सा अधिकारी भिलाई डॉ. पीयम सिंह के मार्गदर्शन में खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी हितेन्द्र कोसरे की टीम द्वारा की गई। जांच के दौरान एक और गंभीर पहलू सामने आया, जहां शहर के कुछ बड़े स्कूलों ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को जांच की अनुमति ही नहीं दी। इसकी जानकारी जिला मलेरिया विभाग को दी गई हे। वहीं, अगर वयस्कों की बात करें तो क्षेत्र में करीब 85 लोग फायलेरिया से संक्रमित हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरे का संकेत है।

### फायलेरिया से बचाव के लिए दी जाती है डीईसी की गोली

फायलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर साल विशेष अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के तहत घर-घर जाकर 2 साल के बच्चों से लेकर वयस्कों तक को डाइएथिलकार्बामिजीन (डीईसी) की गोली दी जाती है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह दवा फायलेरिया के संक्रमण को फैलने से रोकने में मदद करती है और इसका कोई गंभीर साइड इफेक्ट नहीं होता। हालांकि, गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों और गर्भवती महिलाओं को यह दवा नहीं दी जाती।



### बेहद जरूरी है समय पर दवा लेना

अधिकारियों ने बताया कि फायलेरिया से पीड़ित मरीजों के लिए समय पर दवा लेना बेहद जरूरी है। यह बीमारी पूरी तरह ठीक नहीं होती, लेकिन नियमित दवा सेवन से इसके प्रभाव और संक्रमण को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। डायथाइलकार्बामाजिन डीईसी एक प्रमुख एंटी हेलमिन्थिक दवा है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से लिम्फैटिक फाइलेरियासिस (हाथीपांव) और ट्रॉपिकल पल्मोनरी इओसिनोफिलिया जैसे परजीवी कृमि संक्रमणों के इलाज के लिए किया जाता है। यह परजीवियों को मारकर संक्रमण के लक्षणों, जैसे अंगों में सूजन और बुखार को नियंत्रित करती है।

### क्यों होती है फायलेरिया

यह बीमारी तब होती है जब संक्रमित मच्छर किसी व्यक्ति को काटता है। मच्छर के जरिए शरीर में सूक्ष्म परजीवी कीड़े प्रवेश कर जाते हैं। ये परजीवी शरीर की लसीका नलिकाओं में जाकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और सूजन पैदा करते हैं। गंदगी, जमा पानी और मच्छरों की बढ़ती संख्या इस बीमारी की मुख्य वजह है। जब मच्छर ऐसे संक्रमित व्यक्ति को काटता है और फिर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है।

### सभी खाएं डीईसी की दवा

फायलेरिया से बचने डीईसी दवा को सभी को खाना चाहिए। भिलाई के 22 स्कूलों में बच्चों की जांच की गई। कुछ बड़े निजी स्कूलों द्वारा जांच की अनुमति नहीं दी गई। इसकी जानकारी जिला मलेरिया विभाग को दी गई है। **-हितेन्द्र कोसरे,** खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, भिलाई

### दवा नहीं लेने पर फैलता है इंफेक्शन

फायलेरिया का पता चलने पर व्यक्ति को शीघ्र ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर इलाज कराना चाहिए। समय पर दवा नहीं खाने से इंफेक्शन और फैलने लगता है। **-डॉ. पीयम सिंह,** खंड चिकित्सा अधिकारी भिलाई

## खबर संक्षेप




### भाजपा किसान मोर्चा की कार्यसमिति की घोषणा

दुर्ग। भाजपा किसान मोर्चा दुर्ग के जिला अध्यक्ष रोहित सिंह राजपूत ने जिला कार्यसमिति और मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। इसमें उपाध्यक्ष श्कृष्णा पटेल, धरमपाल वर्मा, प्रवीण मोहन पिंटू, विनोद चंद्राकर, रमेश साहू, महामंत्री अजीत चंद्राकर, राजेंद्र यादव, मंत्री रिज्जू यादव, कमल चंद्राकर, बहल सिंह वर्मा, अजीत ठाकुर, ओमप्रकाश पांडेय, जोहन वर्मा सहित कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह, सहकोषाध्यक्ष, भोमराज जैन, होमेंद्र वर्मा को नियुक्त किया गया है। साथ ही कार्यालय मंत्री, सहकार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी वे सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा संगठन की शक्ति, किसान हितों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक है।

### सेवानिवृत्त स्टॉफ नर्स व फार्मासिस्ट को दी विदाई



दुर्ग। जिला चिकित्सालय में नलिनी परगनिया नर्सिंग सिस्टर, वीरेंद बेल चंदन फार्मासिस्ट, महेश्वरी साहू एचबी को उनके 40 साल से अधिक सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सीएस आशीषन मिंज, डॉ. जेपी मेश्राम, डॉ. विनीता धुर्वे, डॉ. राजकुमार नायक, विजय ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे। डॉ. दानी ने कहा कि बड़ी कर्मठता के साथ मरीज के प्रति बहुत ही सहज और सरल सेवा भाव के साथ सेवा दी है। डॉ. मिंज ने भी विचार रखें। डॉ. मेश्राम ने कहा यह सभी कर्मचारी अपनी सेवा की पहली पारी शानदार सफलतापूर्वक संपन्न किया है। कार्यक्रम में मंजू राय, यू बोरकर, पुष्पा बंदे, गीता साहू, उषा गुप्ता, मंजू नागरे आदि मौजूद थे।

# 108 संजीवनी की 10 नई एम्बुलेंस दौड़ेंगी जिले में, मंत्री ने लिया टेस्ट ड्राइव

**हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना, एम्बुलेंस आधुनिक सुविधाओं से लैस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई। जिला अस्पताल परिसर में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस के अंतर्गत 10 अत्याधुनिक एम्बुलेंसों की विधिवत पूजा-अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें एक एडवांस लाइफ सपोर्ट एवं 9 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं, जो आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी उपचार सुनिश्चित करेंगी। इन आधुनिक एम्बुलेंसों के संचालन से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गति, गुणवत्ता एवं पहुंच में क्रांतिकारी सुधार होगा। यह पहल न केवल समय पर उपचार सुनिश्चित करेगी, बल्कि अनगिनत जिंदगियों को बचाने में मील का पत्थर साबित होगी।





### नई एम्बुलेंस में ड्राइवर सीट पर नजर आए मंत्री

108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा के तहत शुरू की गई नई एम्बुलेंस की ड्राइवर सीट पर मंत्री गजेंद्र यादव नजर आए। उन्होंने शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला अस्पताल तक एम्बुलेंस पहुंचाई। इस दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. आशीषन कुमार मिंज, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजीव ग्लैड, जिला वाहन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बंजारे, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, प्रिया साहू, डॉ. भूमिका वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## वार्ड 29 राजीव नगर चरोदा का मामला, बनाई गई पांच सदस्यों की टीम

# रेलवे की जमीन पर बसे सैकड़ों झुग्गीवासियों को नोटिस, अब पीएम आवास ही मात्र सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के रेलवे की जमीन पर झुग्गी बनाकर निवास करने वालो को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। रेलवे ने इन लोगों को नोटिस देकर खाली करने को कहा है। वार्ड 29 राजीव नगर चरोदा में करीब 176 लोग झुग्गी बनाकर रहते है। इन लोगों के लिए नई व्यवस्था के लिए अब भिलाई-चरोदा निगम प्रधानमंत्री आवास दिलाने की पहल किया जा रहा है। नगर निगम नियम कायदे को शिथिल करते हुए पीएम आवास में व्यवस्थापन करने राज्य शासन को प्रस्ताव निगम प्रशासन भेजेगी। सामान्य सभा ने इसे लेकर प्रस्ताव को मंजूरी दिया गया है। इसके लिए बकायदा हितग्राहियों का सर्वे करने पांच सदस्यीय कमेटी बनाया गया है। रेलवे क्षेत्र चरोदा के जोन-3 राजीव नगर सहित कॉलोनी के अन्य झुग्गी बस्तियों पर बेदखली को लेकर रेलवे के नोटिस के बाद कुछ माह से यहां निवासरत लोग खासे दिक्कत में है। रेलवे ने अपनी योजना विशेष का हवाला देकर पांच दशक से कच्चा पक्का मकान बनाकर रहने वालों को कब्जा खाली करने का नोटिस देती आई है। बेदखली नोटिस मिलने के बाद से ही प्रभावित परिवारों को मकान के लिए चक्कर काटना पड़ रहा है। वर्षो पुराने आशियाना उजड़ने के बाद को लेकर अब तक कोई सार्थक बात या पहल अभी तक नहीं हो पाई है। राजीव नगर सहित भिलाई चरोदा के अन्य रेलवे की जमीन पर काबिज परिवार कश्मकश के दौर से गुजर रहा है। निगम के इस नियम कायदे को शिथिल कर इन लोगों के लिए लाभ देने शासन मांग को लेकर पार्षद व उपनेता प्रतिपक्ष चंद्रप्रकाश पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनकर तैयार और खाली पड़े मकानों को दिए जाने की मांग निगम के सामान्य सभा में किया था।

**बेदखली से परेशान है लोग, निगम में की शिकायत**



### दो साल पहले बिजली कनेक्शन भी हुआ

राजीव नगर वार्ड 29 में रेलवे की जमीन पर निवासरत लोगों को बिजली कंपनी ने वर्ष 2023 में बिजली कनेक्शन दिया गया था। इसके अलावा निगम भिलाई-चरोदा भी समय-समय पर बुनियादी सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया है। यहां रहने वाले मजदूर, छोटे रोजगार और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले रहते है। इन्हें हमेशा रेलवे की मार झेलनी पड़ती रही है। सालों से ये लोग यहां रह रहें है लेकिन व्यवस्थापन आज तक नहीं हो पाया है।

### कमजोर वर्ग के अधिक

बेदखली अभियान में रेलवे की जमीन खाली होने पर नगर निगम या फिर राज्य शासन वहां अपनी किसी योजना को साकार नहीं कर सकता। इसलिए रेलवे क्षेत्र में बसे लोगों को प्रधानमंत्री आवास का व्यवस्थापन नहीं बल्कि आवेदन प्रक्रिया के तहत आबंटन किया जा सकता है। जिसमें व्यवस्थापन के मुकाबले हितग्राहियों को लगभग पांच गुना अधिक राशि का अंशदान देना होता है। यहां बसे ज्यादातर झुग्गी वासी कमजोर आय वर्ग वाले हैं। रेलवे लगातार नोटिस देकर कब्जा खाली करने को कह रहा है। भीषण गर्मी में यहां के लोग कलेक्टर, निगम प्रशासन में अपनी बातों को रखने पहुंचे थे।

### कमेटी बनाई गई है

शासन से व्यवस्थापन के तहत झुग्गी वासियों को पीएम आवास दिलाने अनुमति के लिए पत्राचार करने का निवेदन किया। आयुक्त चरोदा निगम ने रेलवे क्षेत्र में अवैध रूप से रहने वाले परिवार का सर्वे करने के लिए कमेटी गठित किया। इसमें महापौर , सभापति , आयुक्त , नेता प्रतिपक्ष आदि को को शामिल किया गया है। यह कमेटी 4 अप्रैल को बैठक कर अपनी रुप रेखा तैार करेगी।

**चंद्र प्रकाश पाण्डेय,** उपनेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा

## नव वित्त वर्ष पर निदेशक प्रभारी महापात्रा ने किया संयंत्र भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नव वित्तीय वर्ष पर भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज चित्तरंजन महापात्र ने नव वित्त वर्ष पर संयंत्र के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर कार्मिकों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने रिकार्ड उत्पादन के लिए बीएसपी परिवार को शुभकामनाएँ दीं।

■ कर्मियों से रिकार्ड उत्पादन का आह्वान

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, प्रवीण निगम, राकेश कुमार, प्रबीर कुमार सरकार तथा अरुण कुमार सहित विभाग प्रमुख उपस्थित थे। शीर्ष प्रबंधन ने यूनिवर्सल रेल मिल में विभिन्न प्रमुख उत्पादन एवं सेवा इकाइयों के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद किया । इनमें रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम), ट्रैफिक एवं डिस्पैच बीआरेम व मर्चेंट व वायर राड मिल, कोक ओवन व कोल केमिकल विभाग भी शामिल थे। डीआईसी ने भ्रमण के दौरान वेलफेयर बिल्डिंग -24 में स्टील मेल्टिंग शॉप-2 रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) एवं एलडीसीपी के कार्मिकों से नए रिकॉर्ड बनाने और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के लिए सुरक्षा नियमों का पूरा पालन करने का आह्वान किया।

### संगठन की प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करना जरूरी

श्री महापात्रा ने ने प्लेट मिल का भी निरीक्षण किया। वाटर मैनेजमेंट के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। संयंत्र भवन में सेवाएँ और सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग, अग्निशमन सेवाएँ, विद्युत अनुरक्षण विभाग तथा स्ट्रक्चरल रिपेयर एवं मेंटेनेंस (एसआरएम) के साथ चर्चा की। वेलफेयर बिल्डिंग- 8 में ब्लास्ट फर्नेस, पी एंड बीएस, वेलफेयर बिल्डिंग- 5 में एसएमएस-3, रिसर्च एवं कंट्रोल लैब, आईएंडए तथा वेलफेयर बिल्डिंग- 2 में मेंटेनेंस एवं यूटिलिटीज के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियोंसे मिलकर बाचती की। भ्रमण का समापन टाउन एडमिनिस्ट्रेशन भवन में टाउन सेवाओं के कर्मचारियों व कार्मिकों के साथ बैठक के साथ हुआ । महापात्र ने कहा कि संयंत्र ने अनेक क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने सभी विभागों के कर्मियों एवं विभाग प्रमुखों को वित्तीय वर्ष 2025–26 में नए रिकॉर्ड एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा आह्वान किया कि वर्तमान वर्ष में भी नए कीर्तिमान स्थापित किए जाएँ। प्रतिस्पर्धी बाजार परिवेश में उत्कृष्टता बनाए रखना, तथा संगठन की प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करना जरुरी है। उन्होंने शून्य दुर्घटना के लिए उन्होंने कहा कि सभी विभागों में सुरक्षित कार्य प्रणाली के प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाए।

## निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ हल्ला, आप ने की कलेक्टर से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आम आदमी पार्टी ने निजी स्कूलों पर कथित आर्थिक शोषण का आरोप लगाया है। इसे लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देकर बस किराया, फीस वृद्धि और स्कूल सामग्री में हो रही अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई।

पार्टी नेता जसप्रीत सिंह ने बताया कि निजी स्कूल मनमाने तरीके से बस किराया वसूल रहे हैं। एक ही रूट पर अलग-अलग स्कूलों के किराए में भारी अंतर है। उदाहरण के तौर पर सेक्टर-10 स्थित शंकराचार्य स्कूल कम दूरी के लिए 2,250 रुपए वसूल रहा है, जबकि नेहरू नगर स्थित केपीएस स्कूल अधिक दूरी के बावजूद मात्र 1,150 ले रहा है। इसे उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन बताया गया। इसके अलावा, स्कूलों पर कॉपी-किताब और ड्रेस के नाम पर सिंडिकेट चलाने का आरोप लगाया गया है। अभिभावकों को चुनिंदा दुकानों से महंगे दामों पर सामग्री खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। परीक्षा समाप्त होने के बाद भी पूरे महीने का बस शुल्क वसूला जा रहा है और फीस जमा करने में देरी होने पर बच्चों का रिजल्ट रोकने जैसी शिकायतें सामने आई हैं, जो पूरी तरह अनुचित है। जसप्रीत सिंह ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी अभिभावकों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी।

# शांति, सुरक्षा और विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़ : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल के नेतृत्व में भिलाई जिला के विभिन्न मंडलों में भिलाई-3 और चरोदा, मुरमुंदा, जेवरा सिरसा, कोहका, अहिवारा, कैंप, वैशाली नगर मंडल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहीदों की शहादत को नमन करते हुए, जवानों, स्थानीय निवासियों और युवाओं ने दीप जलाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, वरिष्ठ नेता योगेंद्र सिंह उपस्थिति थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य से नक्सलवाद के खात्मे और शांति की ओर बढ़ते कदमों के बीच, भिलाई जिला में विभिन्न स्थान में एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य को हिंसा मुक्त बनाने के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सुरक्षाबलों के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज शांति, सुरक्षा और विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। नक्सलवाद का अंत हो गया है और निश्चित ही यह हमारे लिए हर्ष उल्लास का विषय है।

**भिलाई जिला के मंडलों में एक दीप शहीदों के नाम का आयोजन**



### छत्तीसगढ़ के नक्सलवाद से मुक्त होने पर भाजयुमो ने किया दीपदान

दुर्ग। बीजेपी युवा मोर्चा जिला दुर्ग द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होने पर शहीदों के याद में कार्यक्रम का आयोजन सिविल लाइन स्थित शीतला माता मंदिर के समीप किया गया। छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शहीदों को किया नमन किया गया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी, युवा मोर्चा महामंत्री अनिकेत यादव, आरुणि दानी उपस्थित सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि 31 मार्च का दिन छत्तीसगढ़ के लिए बहुत ऐतिहासिक दिन है, छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त हो गया। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को छत्तीसगढ़ और दुर्ग की 3 करोड़ जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद छत्तीसगढ़ के विकास में बहुत बड़ा बाधक था और गृहमंत्री अमित शाह ने संकल्प लिया था कि 31 मार्च 2026 तक इसको समाप्त करना है और उनका संकल्प पूरा हुआ है।



# हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र से भिलाई निगम ने हटाया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा शहर के आवागमन को सुगम बनाने और सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के अभियान के तहत बुधवार वार्ड क्रमांक 24, हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही की गई। उड़नदस्ता प्रभारी एवं सहायक राजस्व अधिकारी की उपस्थिति में निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने हनुमान मंदिर के पास स्थित 'अर्बन चाय' ठेला सहित सड़क किनारे किए गए अन्य अवैध कब्जों को हटाया। कार्यवाही का मुख्य कारण मुख्य मार्ग और सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर व्यवसाय संचालन करना, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। यह कार्यवाही उड़न दस्ता प्रभारी विनय शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, हरिओम गुप्ता एवं जोन टीम सहित राजस्व कर्मचारीयो के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन में संपन्न हुई। निगम के तोड़फोड़ दस्ते एवं जोन टीम ने मौके पर पहुँचकर अवैध संरचनाओं और ठेले को जब्त कर मार्ग साफ कराया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों और मुख्य सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद कब्जे न हटाए जाने के कारण यह सख्त कदम उठाना पड़ा। नगर निगम प्रशासन ने समस्त व्यवसायियों और नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित सीमा के भीतर ही अपना व्यवसाय संचालित करें। भविष्य में भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इसी प्रकार की निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी ताकि शहर की सुव्यवस्था बनी रहे।



■ भिलाई निगम की कार्रवाई

### विजय मिश्रा बने जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में राष्ट्रीय मानवाधिकार और अपराध नियंत्रण ब्यूरो संगठन में विजय मिश्रा को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।



यह नियुक्ति पत्र प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. जतिंदर पाल सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष रणधीर कुमार नई दिल्ली द्वारा प्रदान किया गया। संगठन के उच्च पदाधिकारियों के निर्देशन में यह नियुक्ति की गई है। विजय मिश्रा से अपेक्षा की गई है कि वे मानवाधिकार संरक्षण, सामाजिक कल्याण तथा अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को मजबूत बनाएंगे।

**प्रत्याशियों के बीच जारी है जोर आजमाइश का दौर, गुपचुप मीटिंग में बन रही रणनीति**

# जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में नीले और सफेद रंग के मतपत्र, 4 को मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के दो वर्षीय कार्यकाल वाले प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए अब मात्र दो दिनों का समय ही शेष रह गया है। लिहाजा प्रत्याशियों ने प्रचार-प्रसार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जिससे जिला न्यायालय पूरे चुनावी रंग में रंगा हुआ है। इस चुनाव में कुल 17 पदों के लिए 64 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिनके भाग्य का फैसला कुल 1702 अधिवक्ता मतदाता करेंगे। 4 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच जिला न्यायालय परिसर स्थित बार क्रमांक-4 के पास मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे से पदाधिकारी पदों के प्रत्याशियों की मतगणना और 6 अप्रैल को सुबह 9बजे से कार्यकारिणी सदस्य पद के प्रत्याशियों की मतगणना की जाएगी। मतगणना उपरांत अंतिम परिणाम घोषित किए जाएंगे। यह चुनाव अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला आरक्षित 1 पद), सचिव, सह-सचिव के 2 पदों में 1 पद महिला आरक्षित , कोषाध्यक्ष, ग्रंथालय सचिव, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के 2 पदों में 1 पद महिला आरक्षित के अलावा 7 कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए हो रहा है। कार्यकारिणी के 7 पदों में 2 पद महिला आरक्षित किया गया है। चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव, और कोषाध्यक्ष पद के लिए कड़ा मुकाबला होने के आसार है। जिसके चलते प्रत्याशियों द्वारा अधिवक्ता मतदाताओं को रिझाने एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए है।



### बूथ में एक पेटी में पदाधिकारी और दूसरे में कार्यकारिणी के लिए मतदान

चुनाव के लिए मात्र दो दिन का समय ही शेष रहने से जिला अधिवक्ता संघ चुनाव टीम द्वारा मतदान की सभी आवश्यक तैयारियां तेज कर दी गई है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव पांडेय ने बताया कि मतदान के लिए 6 बूथ बनाए जाएंगे। प्रत्येक बूथ में 1 पेटी पदाधिकारी पद और 1 पेटी कार्यकारिणी सदस्य पद के मतदान के लिए रखी जाएगी। पदाधिकारी पद के मतदान के लिए नीले रंग की मतपत्र और कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए सफेद रंग की मतपत्र मतदाताओं को उपलब्ध करवाई जाएगी। मतदान की तैयारियों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव पांडेय के साथ उप मुख्य चुनाव अधिकारी इसराईल शरीफ, मुरली मनोहर देवांगन, राजेश महाडिक, श्याम मिश्रा, हरेन्द्र प्रसाद शाह, असीम कुमार सिंह व टीम के अन्य सदस्य जुटे हुए है।

### चुनाव में ये प्रत्याशी आजमा रहे हैं भाग्य

जिला अधिवक्ता संघ के इस चुनाव में संघ के चार पूर्व अध्यक्ष नीता जैन, गिरीशचंद शर्मा, रमेश शर्मा, गुलाब सिंह पटेल एक बार फिर चुनाव मैदान में है। लगातार चार बार सचिव रहे रविशंकर सिंह एवं कोषाध्यक्ष पद पर अनिल जायसवाल चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सह सचिव पद पर कृष्णराज चंदेल (छोटू) ने दावेदारी की। इसके अलावा विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों द्वारा चुनावी मैदान में अपनी ताल ठोकी गई है। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के मधुप शर्मा, रमेश कुमार शर्मा,कु. नीता जैन, श्रीमती संगीता सिंह, उमा भारती साहू, गिरीशचंद्र शर्मा, गुलाब सिंह पटेल, देवेन्द्र कुमार गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद दिनेश सिंह राजपुत, ब्रजेश कुमार शुक्ला, चन्द्रकांत चंदेल, नीरज सिंह राठौर, पंडित अजय मिश्रा, प्रशान्त कुमार जोशी, प्रमोद फिलीप, कनिष्ठ उपाध्यक्ष 1 पद (महिला हेतु आरक्षित) कु. रेखा राय, श्रीमती पूजा मोगरी, जया कुमारी, कु. गुंजा सोनी, कु. ललिता जोशी, सचिव पद रविशंकर सिंह, हेमन्त कुमार मिश्रा, विजय कुमार चौधरी, सह सचिव कृष्णराज चंदेल, राकेश यादव, सुमीत रंजन दत्ता, राकेश यद्दु, सह सचिव 1 पद (महिला हेतु आरक्षित) पूनम ताम्रकार, कुमारी संध्या, श्रीमती शशी यादव, कोषाध्यक्ष 1 पद साकेत आर. मिश्रा, अमित कुमार अग्ने, प्रशांत अग्रवाल, अनिल जायसवाल, ग्रंथालय सचिव 1 पद ज्ञान प्रकाश तिवारी, अजय कुमार शर्मा, ढाल सिंह देवांगन, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव 1 पद गुरमीत सिंह भोगल, रविशंकर मानिकपुरी, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव 1 पद (महिला हेतु आरक्षित) मोनिका सिंह, कुमारी किरण गुप्ता, कु. दशोदा प्रत्याशी है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजन 4 से



**अंडा।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर तीन दिवसीय भव्य आयोजन 4 अप्रैल से 6 अप्रैल तक किया जाएगा। ग्राम भोथली ,पोस्ट तिरगा में पहले दिन दोपहर बाद 3:00 बजे कलश यात्रा, शाम 5:00 बजे श्री राम कथा, दूसरे दिन सुबह 10:00 बजे वेद पूजा ,सुबह 11:00 से 1:00 तक श्री राम कथा व दोपहर 2 से 3बजे तक परिचय सम्मेलन , सम्मान, अपराह्न 3 से 5 बजे तक श्री राम कथा, तीसरे दिन सुबह 10:00 से 11:00 बजे वेद पूजा , सुबह 11 से 1:00 बजे तक श्री राम कथा , दोपहर 2.00 से 3:00 बजे तक सम्मान समारोह और अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे तक श्री राम कथा तत पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में श्री राम कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक राजहंस भरत द्वाज, राजहंस परिवार अंबागढ़ चौकी करेंगे। संयोजक सुरेश कुमार साहू अध्यक्ष शास. महाविद्यालय ,पूर्व सरपंच ने बताया कि वर्षों यह आयोजन खरखरा नदी के तट पर खेल मैदान में होगा जिसमें लगभग 25 से 30 गांव के राम भक्त सम्मिलित होंगे।

### सरपंच ने विवाह अवसर पर दी आर्थिक सहायता



**सेलूद।** ग्राम पंचायत देवादा की सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने विवाह अवसर पर आर्थिक सहायता दी। देवादा निवासी संतोष कुलदीप एवं शिवबती कुलदीप के पुत्र प्रियांशु एवं पुत्रवधू निधि के विवाह के शुभ अवसर पर सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने 5000 की सहायता राशि प्रदान कर नवदंपति को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सब-इंस्पेक्टर चयनित धर्मेंद्र का हुआ स्वागत

**धमधा।** स्थानीय राजपुर गांव के होनहार युवक धर्मेंद्र साहू का चयन सब-इंस्पेक्टर पद पर हुआ है। गृहग्राम लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया। धर्मेंद्र साहू के पिता प्रेमलाल साहू पेशे से पोस्टमास्टर हैं। बेटे के कंधों पर सजे दो सितारों ने पिता के संघर्ष और समर्पण को साकार कर दिया।



### धनोरा में हनुमान प्रकटोत्सव आज

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बढ़े धुम धाम से हनुमान प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि यह आयोजन 35 वर्षों से निरंतर चले आरे है। हर वर्ष हनुमान प्रकटोत्सव मे शोभायात्रा का गली भ्रमण किया जाता है एवं रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। हनुमान जन्मोत्सव पर शाम 4 बजे दरबार से शोभा यात्रा मनमोहक झांकी के साथ निकाली जाएगी।

### लोक महोत्सव देवगहन में आज से

**अंडा।** हनुमान जयंती पर ग्राम देवगहन में दो दिवसीय लोक महोत्सव का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 2 एवं 3 अप्रैल को किया जा रहा है। जिसमें विशेष आकर्षण 3 अप्रैल को संध्या कालीन पटपर की सुप्रसिद्ध जस गीत झांकी की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी आयोजन समिति के सदस्य रमेश सिन्हा ने दी।

### निधन

### किशोर चन्द्राकर

**दुर्ग।** कसारीडीह निवासी कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष किशोर चन्द्राकर (तमोरा वाले) 63 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 अप्रैल गुरुवार को सुबह 10 बजे गृहग्राम तमोरा गाड़ाडीह में किया जाएगा। वे श्लेषा चन्द्राकर के पति, भाजयुमो नेता सानिध्य चन्द्राकर, सभ्यता चन्द्राकर के पिता और डॉ. श्रद्धेय चन्द्राकर के बड़े पिताजी थे।



## पीएम के नाम ज्ञापन में बिल को वापस लेने की मांग

# संयुक्त ट्रेड यूनियनों का लेबर कोड बिल के खिलाफ प्रदर्शन, काला दिवस मनाकर किया पुरजोर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र सरकार ने एक अप्रैल से चार लेबर कोड लागू किए जाने के खिलाफ केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर संयुक्त श्रम संगठन भिलाई द्वारा बुधवार को सेल परिवार चौक पर कला दिवस मनाया गया।

इंटक, सीटू, एटक, एच एम एस, ऐक्टू, लोइमू द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में बिल को मजदूर विरोधी बताते हुए तत्काल रद्द किए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया है कि ट्रेड यूनियन लगातार इन श्रम विरोधी समर्थक श्रम संहिताओं का विरोध करती रही है.यह श्रम संहिताएं देश के श्रमिकों - जो संपत्ति के वास्तविक सृजन करता है ,को फिर से औपनिवेशिक काल जैसी शोषणकारी परिस्थितियों में धकलेने का प्रयास है। भारत में 8 घंटे के कार्य दिवस,कार्य स्थल पर सुरक्षा,यूनियन बनाने और संगठित होने के अधिकार, सामूहिक सौदेबाजी,आंदोलन करने और हड़ताल के अधिकार के लिए संघर्ष किया है। सम्मानजनक वेतन,सामाजिक सुरक्षा, ठेका श्रमिकों के नियमित कारण, स्थाई कार्यों में ठेका प्रथा समाप्त करने, समान काम के लिए समान वेतन, बोनस, ग्रेच्युटी और पेंशन के अधिकार के लिए भी लड़ाई लड़ी है।




### हड़ताल का अधिकार खत्म किया

सभी में यूनियन नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार इन श्रम संहिताओं के माध्यम से इन उपलब्धियां को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।इन संहिताओं में ऐसे कठोर व दमनकारी प्रावधान है, जिससे यूनियन बनाना कठिन, पंजीकरण मुश्किल और निरस्तीकरण आसान हो जाएगा। नियोक्ताओं के उल्लंघन को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा रहा है जबकि ट्रेड यूनियन गतिविधियों को दंडनीय बनाया जा रहा है। कार्य समय की सीमा को खुला छोड़ दिया गया है। ताकि मनमाने ढंग से बढ़ाया जा सके. हड़ताल का अधिकार लगभग समाप्त कर दिया गया है।सभा में मांग की गई कि मोदी सरकार अमेरिका इजराइल द्वारा इरान पर किये जा रहे हमले को रोक लगाए।



## मां शाकंभरी की पूजा-अर्चना के साथ मनाया होली मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पटेल समाज पाटन राज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन मुख्यालय स्थित पटेल धर्मशाला पाटन में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ शाकम्भरी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात पाटन राज के 54 ग्रामों से आए ग्राम प्रमुखों, वरिष्ठ जनों, युवाओं एवं मातृशक्तियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

समारोह की विशेषता यह रही कि विभिन्न ग्रामों से पहुंचे स्वजातीय बंधुओं ने अपने-अपने व्यवसाय एवं कार्यक्षेत्र की जानकारी साझा की। इसमें शिक्षा, कृषि, फोटो फ्रेमिंग, बोर खनन, मूर्ति कला, च्वाइस सेंटर संचालन, फैंसी दुकान, ब्यूटी पार्लर, फ्रिज सर्विस, फूल व्यवसाय, टेलरिंग तथा रामायण गायन जैसे विविध क्षेत्रों में समाज के लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इससे समाज की बहुमुखी प्रतिभा और आत्मनिर्भरता का परिचय मिला। कार्यक्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के युवा यदि किसी भी क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं, तो उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए अनुभवी लोगों के माध्यम से गाइडेंस की व्यवस्था की जाएगी, ताकि युवा सही दिशा में आगे बढ़ सकें और आत्मनिर्भर बनें। इस अवसर पर पाटन राज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल सहित सभी 54 ग्रामों के सदस्य, समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, सहयोग और प्रगति का संदेश दिया।

## अंडा, निकुम और अंजोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 108 एम्बुलेंस की मिली सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बुधवार को शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग में 108 संजीवनी एक्सप्रेस के नवीन एम्बुलेंस वाहनों का पूजन-अर्चन कर शुभारंभ किया तथा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब अंडा, निकुम और अंजोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 108 एम्बुलेंस के नए वाहन उपलब्ध होंगे, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ, त्वरित और प्रभावी होंगी।

■ विधायक ललित ने नवीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर सुदृढ़ हो रही हैं और पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है। जनता का भरोसा सरकारी अस्पतालों पर बढ़ा है, जहां समय पर उपचार मिल रहा है। उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण व उन्नयन से अब छोटे-छोटे इलाज के लिए दूर शहरों की ओर नहीं जाना पड़ता। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाए, ताकि हर जरूरतमंद तक समय पर स्वास्थ्य सहायता पहुंचे। श्री चंद्राकर ने यह भी जानकारी दी कि हाल ही में विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े प्रश्न विशेषकर आयुष्मान कार्ड से उपचार संबंधी उठाए गए थे, जिनका निराकरण हो गया है और जनता को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू, सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन अशीशन मिंज, 108 नोडल अधिकारी सीएस बंजारे, एनएचएम डीपीएम भूमिका वर्मा, हॉस्पिटल कंसल्टेंट ओम वर्मा, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, राजू जंघेल, पार्षद विधि यादव सहित विभागीय अधिकारीगण, नर्सिंग अधीक्षक एवं वरिष्ठ नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।


## निकली श्रीराम की भव्य शोभायात्रा युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

**सेलूद।** ब्लॉक के ग्राम रूही में श्री राम भक्त परिवार द्वारा भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। इस आयोजन ने पूरे गांव को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। शोभायात्रा की शुरुआत शीतला मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद यात्रा पूरे गांव की गलियों से होकर निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए और जगह-जगह भगवान श्रीराम का स्वागत किया गया। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व युवा सामाजिक कार्यकर्ता राजा सिंगौर ने किया। उनके मार्गदर्शन में यात्रा सुव्यवस्थित और आकर्षक रूप से संपन्न हुई। कार्यक्रम में आनंद धूमाल पचरी पारा दुर्ग द्वारा मनमोहक गीत-संगीत और आकर्षक लाइटिंग की प्रस्तुति दी गई, जिसने शोभायात्रा की भव्यता को और बढ़ा दिया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर युवा झूमते नजर आए।

इस आयोजन को सफल बनाने में श्री राम भक्त परिवार के अध्यक्ष हेमंत लोधी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र लोधी सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती कीर्ति नायक जनपद अध्यक्ष पाटन ,सुरेश सिंगौर युवा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़, राजा सिगौर, छगन सिगौर, हेमन्त सिगौर, भोला सिगौर, परमेश्वर, प्रकाश, उत्तम, राहुल, रोशन, सागर, रुस्तम, गोविंद, दीपक, भोजू , दौवा ,लवकुश चंद्राकर, नारायण पटेल, परमात्मा जांगड़े, ओमप्रकाश, राजू, राजकुमार ठाकुर, साहिल ठाकुर ,राकेश ,गोजू ,द्वारिका प्रसाद कौशिक , अश्वनी, टीकेश, दीपक ,आर्यन ,जगेश्वर, धर्मेंद्र, रूपेश, पिंटू, रितिक, दीपक, संजय, दिनेश आदि उपस्थित थे।



## एंडोस्कोपी कर बचाई जान मरीज 3 महीने से थी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चिकित्सा के क्षेत्र में बढ़ती आधुनिक तकनीक ने अब जटिल सर्जरी की जरूरत को खत्म करना शुरू कर दिया है। ऐसा ही एक मामला बीएम शाह हॉस्पिटल भिलाई से सामने आया है, जहां गैस्ट्रो एंट्रोलॉजिस्ट डॉ. आशिष पी दूधे ने एक महिला मरीज की जान बचाने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार 53 वर्षीय गीता गुप्ता पिछले 3 महीनों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। उन्हें लगातार उल्टी होना, खाना न पचना और तेजी से वजन कम होने जैसी शिकायतें थीं।

■ बीएम शाह अस्पताल के डॉ. आशिष पी दूधे ने सीआरई बैलून तकनीक से दी जिंदगी

कई जगह इलाज कराने के बाद भी राहत न मिलने पर उन्होंने डॉ. आशिष पी दूधे से संपर्क किया। जांच के दौरान जब मरीज की एंडोस्कोपी की गई, तो पता चला कि उनके पेट में एक गंभीर रुकावट थी। इस रुकावट के कारण भोजन आगे नहीं बढ़ पा रहा था, जिससे मरीज को बार-बार अपच और उल्टियां हो रही थीं। उचित पोषण न मिलने के कारण मरीज का शरीर काफी कमजोर हो चुका था। डॉ. आशिष पी दूधे ने बताया कि पुराने समय में ऐसी रुकावटों को दूर करने के लिए मरीज का पेट चीरा लगाकर बड़ी सर्जरी करनी पड़ती थी, जो काफी जोखिम भरी होती थी, लेकिन आज की आधुनिक एंडोस्कोपी तकनीक और उन्नत मशीनों ने इसे आसान बना दिया है। डॉक्टरों की टीम ने सीआरई बैलून तकनीक का उपयोग करते हुए बिना कोई चीरा लगाए, एंडोस्कोपी के जरिए उस संकुचित रास्ते का 12 एमएम चौड़ीकरण किया। बिना किसी टांके या सर्जरी के, मरीज को मात्र 3 दिनों के भीतर ही राहत मिल गई। अब मरीज की उल्टियां पूरी तरह बंद हो चुकी हैं और सामान्य रूप से खाना पचा पा रही हैं और उनका वजन भी बढ़ना शुरू हो गया है।

## विधायक साहू मिले सुकृत शास्त्री से, पूछा हालचाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू मंगलवार को पाटन विकासखंड के ग्राम सेलूद पहुंचे। यहां उन्होंने कबीर आश्रम में संत समाज के प्रमुख महंत सुकृत दास शास्त्री से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मोतीलाल साहू ने महंत सुकृत दास शास्त्री से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुलाकात के दौरान आश्रम में मौजूद संत समाज और श्रद्धालुओं से भी उन्होंने संक्षिप्त चर्चा की। गौरतलब हो कि कि महंत सुकृत दास शास्त्री का स्वास्थ्य पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रहा है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक के आगमन की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और ग्रामीण भी कबीर आश्रम पहुंच गए। इस दौरान सभी ने महंत सुकृत दास शास्त्री के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी, प्राधिकृत अधिकारी टामन साहू, स्थानीय अध्यक्ष जयंत साहू, संत हीरा दास, संत हितु दास सहित अन्य उपस्थित थे।



## सात अप्रैल को पाटन में होगा प्रदर्शन गांव-गांव से आएंगे आंदोलनकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

जनकल्याण समिति पाटन की एक महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, गांवों में रोजगार मूलक कार्यों की स्थिति, पेंशन से जुड़ी समस्याएं सहित कई अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। जनप्रतिनिधियों ने इन विषयों पर समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 1 अप्रैल को पाटन ब्लॉक के विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि अपनी समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके साथ ही, 7 अप्रैल को इन मुद्दों के समर्थन में धरना प्रदर्शन और रैली निकालने का भी ऐलान किया गया है।बैठक में मुख्य रूप से युगल किशोर आडील, राकेश आडील, अशोक साहू, विष्णु निषाद, खिलेश यादव, अरविंद जोशी, सुरेश निषाद, छंगन साहू, राकेश साहू, चित्रसेन कलिहारी, सहित अन्य मौजूद रहें।

## वृद्धा पेंशन नही मिलने से गरीब परेशान : दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन में इन दिनों विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन और विकलांग पेंशन को लेकर गंभीर समस्या सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि पिछले लगभग 5 महीनों से हितग्राहियों को पेंशन राशि नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण गरीब महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा के खर्चों के लिए पेंशन पर निर्भर रहने वाले लोगों की स्थिति दिन-ब-दिन दयनीय होती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में नगर पंचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे ने भी शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने बताया कि पेंशन नहीं मिलने की शिकायत कई बार नगर पंचायत में की जा चुकी है, इसके बावजूद उच्च अधिकारी इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।



■ जनप्रतिनिध ने कई बार शिकयत कर चुके, अधिकारी नही दे रहे ध्यान

आभाष दुबे ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही पेंशन वितरण की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे कलेक्टर कार्यालय में इसकी शिकायत करेंगे। उन्होंने शासन से मांग की है कि तत्काल लंबित पेंशन राशि का भुगतान कराया जाए, ताकि जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके।

वहीं, स्थानीय लोगों ने कलेक्टर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और पाटन एसडीएम से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा किए गए वादों के बावजूद जमीनी स्तर पर लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे आमजन में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पेंशन जैसी महत्वपूर्ण योजना में लापरवाही गरीब वर्ग के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गई है।



## भव्य के नवोदय स्कूल में चयन पर किया सम्मान

**अंडा।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ गांव और जवाहर नवोदय विद्यालय स्थित ग्राम बोरई के प्रतिभावान छात्र भव्य साहू का नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर सम्मान किया गया। लेखनी साहू व जितेंद्र साहू के सुपुत्र भव्य का स्थानीय प्रबुद्ध जन और जनप्रतिनिधियों ने रोली -गुलाल लगा शॉल ,श्रीफल और स्वामी विवेकानंद का तैलचित्र भेंट किया। वहीं उनके अध्यापन कार्य में मार्गदर्शिका रहीं जयंत्री साहू का भी शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान कर बधाई दी गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति नरेंद्र देशमुख , अध्यक्ष ग्राम विकास समिति कैलाश सिन्हा, पूर्व पंच डॉ जितेंद्र साहू, पूर्व पंच मिथलेश देशमुख, ग्राम शक्ति संयोजिका शशि साहू, राहुल साहू, अधिवक्ता चंद्रशेखर साहू,राजा साहू, गोपाल साहू, भुवन साहू, माधव साहू, लोकेश बंजारे, मनोहर साहू और पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

### बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट



**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > सर्वाइकलाइटिस > लिगामेंट के दर्द > साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष...











## हनुमान जयंती: शक्ति, भक्ति और समर्पण का पावन पर्व

**हनुमान जयंती हिन्दू धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और श्रद्धापूर्ण पर्व है, जो भगवान श्री हनुमान के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भक्ति, शक्ति और सेवा के अद्वितीय प्रतीक भगवान हनुमान की आराधना के लिए समर्पित है। भारत सहित विश्वभर में श्रद्धालु इस दिन व्रत रखते हैं, मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं और हनुमान चालीसा का पाठ कर अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और साहस की कामना करते हैं।**

### हनुमान जी का जन्म और पौराणिक महत्व

पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान हनुमान का जन्म माता अंजनी और पिता केसरी के घर हुआ था। उन्हें वायु देव का अंश माना जाता है, इसलिए उन्हें पवनपुत्र कहा जाता है।

हनुमान जी अष्ट सिद्धियों और नव निधियों के स्वामी हैं और उन्हें अमरत्व का वरदान प्राप्त है। वे संकटमोचन कहलाते हैं, अर्थात जो अपने भक्तों के सभी संकटों को दूर करते हैं।

### रामायण में हनुमान जी की अद्भुत भूमिका

महाकाव्य रामायण में हनुमान जी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे भगवान श्री राम के परम भक्त थे।

**समुद्र लांघकर लंका पहुंचना**
**माता सीता की खोज करना**
**अशोक वाटिका में राक्षसों का संहार**
**लंका दहन करना**
**लक्ष्मण जी के लिए संजीवनी बूटी लाना**

ये सभी कार्य उनकी असीम शक्ति, बुद्धि और भक्ति को दर्शाते हैं।

### हनुमान जयंती 2026 – पूजा का शुभ समय (मुहूर्त)

(स्थानीय पंचांग के अनुसार समय थोड़ा भिन्न हो सकता है)

**पूर्णिमा तिथि प्रारंभ:** सुबह लगभग 7:00 बजे (पूर्व दिन) **पूर्णिमा तिथि समाप्त:** अगले दिन सुबह लगभग 8:30 बजे

शुभ पूजा समय (सर्वश्रेष्ठ):
प्रातःकाल: सुबह 6:00 बजे से 10:00 बजे तक
**अभिजीत मुहूर्त:** दोपहर 12:00 बजे से 12:50 बजे तक
**संध्या पूजा:** शाम 6:00 बजे से 8:00 बजे तक
विशेष रूप से सूर्योदय के समय पूजा करना अत्यंत फलदायी माना जाता है।

### हनुमान जयंती पूजा विधि

**1. प्रातः स्नान और संकल्प**
सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
व्रत रखने का संकल्प लें और मन में भगवान हनुमान का ध्यान करें।

**2. मंदिर या घर में पूजन**
घर के मंदिर या निकट के हनुमान मंदिर में जाकर पूजा करें।
हनुमान जी की प्रतिमा या चित्र के सामने दीपक जलाएं।

**3. अभिषेक और श्रृंगार**
हनुमान जी को गंगाजल से स्नान कराएं
सिंदूर और चमेली का तेल अर्पित करें
लाल फूल, जनेऊ और वस्त्र चढ़ाएं

**4. भोग अर्पण**
बूंदी के लड्डू
गुड़-चना
केले और अन्य फल
हनुमान जी को अत्यंत प्रिय माने जाते हैं।

**5. पाठ और मंत्र जाप**
हनुमान चालीसा का पाठ करें
सुंदरकांड का पाठ करें
**ॐ हनुमते नमः** मंत्र का 108 बार जाप करें

6. आरती और प्रार्थना
पूजा के अंत में आरती करें और अपने तथा परिवार के सुख-समृद्धि की प्रार्थना करें।

### व्रत का महत्व और नियम

हनुमान जयंती पर व्रत रखने से व्यक्ति को मानसिक शांति, शक्ति और आत्मविश्वास प्राप्त होता है।

**दिनभर फलाहार करें**
**नमक का त्याग करें (कुछ लोग करते हैं)**
**क्रोध, झूठ और नकारात्मक विचारों से दूर रहें**
**ब्रह्मचर्य का पालन करें**

**हनुमान जयंती का आध्यात्मिक संदेश**

हनुमान जयंती हमें सिखाती है कि सच्ची शक्ति विनम्रता में होती है। भगवान हनुमान ने अपने अपार बल के बावजूद सदैव प्रभु श्री राम की सेवा को सर्वोपरि रखा।

**यह पर्व हमें सिखाता है:**
**सेवा भाव अपनाएं**
**कठिनाइयों से न डरें**
**सच्चे मन से ईश्वर की भक्ति करें**

हनुमान जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, साहस और भक्ति का संचार करने वाला अवसर है। इस दिन भगवान हनुमान की कृपा से सभी कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सफलता प्राप्त होती है।



















हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

अपने सिंपल से लुक को स्टाइलिश स्लीव की मदद से बनाएं खूबसूरत

लाइव इवेंट

## शक्ति सृजन और संस्कार की आधारशिला भारतीय नारी की बताई भूमिका



**भिलाई।** महाराष्ट्र मंडल सेक्टर 4 और वनिता मंडल पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा सुवर्ण महोत्सव मनाया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ. मंजिरी बक्षी हैप्पीनेस कोच रायपुर और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पांडेय उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल की प्रार्थना, दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के साथ की गई। डॉ. मंजिरी बक्षी ने महिला वर्ग का मार्गदर्शन किया। शताब्दी पांडेय ने शक्ति सृजन और संस्कार की आधारशिला भारतीय नारी इस विषय पर अपना उद्बोधन देकर महिलाओं को नारी से नारायणी बनने के लिए प्रेरित किया। दोनों ही उद्बोधन बहुत ही सुंदर और समाज में नारी के वर्तमान और भविष्य में योगदान की प्रेरणा देने वाले थे। जिसके बाद मंडल के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया। जिसमें रेखा देशपांडे को उनके निस्वार्थ भाव से कल्याण आश्रम के अंतर्गत आदिवासी क्षेत्र के लोगों की सेवा करने श्रीफल और शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। रोहिणी पाटणकर को कला क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। गुर्जर को ओल्ड फाउंडर मेंबर के रूप मे श्रीफल, शाल और राम प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में गर्विता दत्ता और अपर्णा सेवलकर ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया और अनुपमा सिन्नरकर ने मराठी लोक कला की सुंदर प्रस्तुति दी। वनिता मंडल द्वारा विभिन्न मंडलों से उपस्थित पदाधिकारियों को गौ मूर्ति देकर सम्मानित किया गया। वनिता मंडल के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह के रूप में राम दरबार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता पालेकर, अर्चना चावरे और विशाखा सालोडकर ने किया ।



लाइव इवेंट

## व्यावसायिक दक्षताओं को सुदृढ़ बनाने 149 छात्राओं ने लिया रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण



**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय द्वारा छात्रों की करियर तैयारी और व्यावसायिक दक्षताओं को सुदृढ़ बनाने के लिए रोज़गारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके समापन समारोह में सभी को सर्टिफिकेट दिये गए। कार्यक्रम में 149 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण लिया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता हिरेश कुमार साहू द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यक रोजगार कौशलों पर प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इंटरैक्टिव गतिविधियों, वास्तविक जीवन के उदाहरणों तथा व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का विकास हुआ एवं उन्हें पेशेवर दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पांच दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को क्रमबद्ध रूप से विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को अपनी विशेषताओं की पहचान, आत्मसम्मान एवं आत्मविश्वास निर्माण तथा समाज एवं कार्यस्थल में महिलाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। अंग्रेजी भाषा के महत्व, मौखिक एवं अमौखिक संप्रेषण, शारीरिक भाषा , व्यावसायिक नैतिकता, ईमानदारी, सम्मान एवं कार्यस्थल पर आचरण, समूह चर्चा की संरचना, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, साक्षात्कार कौशल, आत्म-परिचय, शारीरिक भाषा, रिज़्यूमे निर्माण एवं साक्षात्कार के आवश्यक नियमों की जानकारी प्रदान की गई। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण से उनके आत्मविश्वास, संप्रेषण कौशल एवं करियर के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन आया है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरिता जोशी और डॉ. सलमा मोहम्मद शाफी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मोहना सुशांत पंडित, डॉ. सलमा मोहम्मद, डॉ. एम. माधुरी देवी, डॉ. रंजना साहू, डॉ. सरिता जोशी, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ भारती वर्मा, डॉ. भावना पांडे, डॉ.प्रतीक्षा पांडे, डॉ. राजश्री शर्मा, नाज़नीन बेग, काकोली सिंघा, रोमा टंडन उपस्थित थे।



● मंदिरों में बुधवार से अखंड रामायण पाठ शुरू, आज शोभायात्रा और महाभंडारे की तैयारी अंतिम चरण पर

# उदया तिथि में पूर्णिमा आज, सुबह 4 बजे शुभ मुहूर्त में संकटमोचन का पंचामृत से अभिषेक कर होगा श्रृंगार, सिद्ध होगी मनोकामना

**राम भक्त और संकट मोचन हनुमान का प्राकोत्सव आज पूर्णिमा तिथि पर चतुर्ग्रही योग और मंगल गोचर में मनाई जाएगी, जिसे अत्यंत शुभ और फलदायी माना जा रहा है। ट्विनसिटी में इस पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। शहर के प्रमुख मंदिरों में आज से ही अखंड रामायण पाठ, विशेष अनुष्ठान और धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया है। मंदिरों को आकर्षक फूलों और लाइटिंग से सजाया जा रहा है, जिससे पूरे शहर में भक्तिमय माहौल बन गया है।**



**भिलाई।** हनुमान जन्मोत्सव पर मीन राशि में चतुर्ग्रही योग सूर्य, मंगल, शनि, और राहु व बुध का प्रभाव बन रहा है। इस दुर्लभ संयोग में आज बजरंगबली का प्राकट्योत्सव विशेष फलदायी रहेगा। इस दौरान 57 साल बाद पंचग्रही योग और कई शुभ योग बन रहे हैं, जिससे मिथुन, कन्या, मकर और मीन राशि वालों को जबरदस्त लाभ मिलेगा।

### उदया तिथि में पूर्णिमा आज

हनुमान प्राकट्योत्सव 2 अप्रैल गुरुवार को पूर्णिमा तिथि में मनाई जायेगी। चैत्र शुक्ल पूर्णिमा तिथि 1 अप्रैल की सुबह 7 बजकर 6 मिनट से शुरू होकर 2 अप्रैल की सुबह 7 बजकर 41 मिनट तक रहेगी, इसलिए उदया तिथि के अनुसार 2 अप्रैल को ही उत्सव मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 6 बजकर 10 मिनट से 7 बजकर 44 मिनट तक पूजा का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त है।

हनुमान जयंती के अवसर पर सेक्टर 9 हनुमान मंदिर, सेक्टर 6 संकट मोचन मंदिर, बम्लेश्वरी परिसर, राधिका नगर, सुपेला, ब्राम्हण पारा दुर्ग, अग्रसेन चौक स्थित राम दरबार और शनिचरी मार्केट के लंगूरवीर मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। गुरुवार को सुबह से देर रात तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। जगह-जगह भंडारे और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है।

### 56 भोग और भव्य श्रृंगार का आकर्षण

सेक्टर 9 हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पं. सूर्यकांत तिवारी हनु महाराज ने बताया कि इस वर्ष मंदिर का 54वां स्थापना वर्ष भी है। जयंती के दिन तड़के 4 बजे मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। पंचामृत से अभिषेक, सिंदूर लेप और सोने-चांदी के आभूषणों से भगवान का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित कर ब्राह्मण भोज कराया जाएगा।

### अखंड रामायण पाठ व हवन-पूजन

रामनगर स्थित हनुमानगढ़ी संकटमोचन हनुमान मंदिर के पुजारी पं राघवेंद्र पांडेय ने बताया कि मंदिर परिसर में बुधवार सुबह 10 बजे से अखंड रामायण पाठ शुरू हो चुका है, जिसका समापन गुरुवार को 10 बजे हवन-पूजन के साथ होगा। यहां सुबह मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक, दोपहर में महाभंडारा और दिनभर धार्मिक अनुष्ठान होंगे। श्रद्धालुओं को विशेष श्रृंगार के दर्शन भी कराए जाएंगे।



### शोभायात्रा और झांकियों से गूंजेगा शहर

हनुमान प्राकोत्सव के अवसर पर आज सुबह 8 बजे से विभिन्न मंदिरों से शोभायात्राएं निकाली जाएंगी, जिनमें झांकियां और भक्ति गीतों के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। मंदिरों में महाआरती, भजन संध्या और आतिशबाजी के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।



### हनुमान चालीसा पाठ से दूर होंगी बाधाएं

भगवताचार्य पं. संदीप तिवारी के अनुसार इस दिन हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और हनुमान बाहु का पाठ करने से सभी विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं और साधक को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।

### गीताभवन में भी विशेष आयोजन

सेक्टर 6 स्थित ब्रज मंडल गीता भवन में भी हनुमान प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यहां बालाजी हनुमान का विशेष अभिषेक, सुंदरकांड पाठ, महाआरती और महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। हनुमान जयंती को लेकर पूरे ट्विनसिटी में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का वातावरण है, जहां हर गली-मोहल्ले में भगवान के जयकारे गूंजने की तैयारी पूरी हो चुकी है।

### श्यामा श्याम धाम मंदिर में होगी हवन पूजन व भजन संध्या

श्यामाश्याम धाम मंदिर नेवईभाठा उमरपोटी में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 2 अप्रैल को मनाई जाएगी। महिला समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे से होगी। इस समय हनुमान लला की हवन-पूजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक योगेश साहू की भजन मंडली द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। महाआरती होगी। आखिर में हनुमान लला का जन्मोत्सव पर केक काटा जाएगा।



## पंडित ने मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना कर शुरू कराया विद्यारंभ संस्कार, बच्चों में उत्साह

**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई द्वारा बुधवार को बाल वाटिका के विद्यार्थियों के लिए विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन गणेश मंदिर तमिल भवन सेक्टर–5 में श्रद्धा और पारंपरिक विधि से किया गया। इस अवसर पर 150 से अधिक अभिभावक और बच्चों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों के पुष्पमाला पहनाकर स्वागत गया। शोभना कुमार ने स्वागत भाषण देकर सभी का अभिनंदन किया। मंदिर के पंडित गुरु प्रसाद द्वारा मंत्रोच्चार कर पूजा-अर्चना कराई गई, साथ ही प्राचार्य बिपिन देशमुख की उपस्थित में पूजन और हवन संपन्न हुआ।




श्रीशंकरा एजुकेशन सोसायटी के सचिव एस. स्वामीनाथन ने विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। प्रिंसिपल बिपिन देशमुख ने बच्चों और अभिभावकों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शंकरा विद्यालय पारंपरिक मूल्यों को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़कर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगे हुए है। उन्होंने बड़ों का सम्मान करने और अच्छे संस्कारों को शिक्षा का अभिन्न अंग बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण के साथ नए सत्र के बच्चों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## सामाजिक समरसता राज्य अलंकरण 2026 में गंधर्व समाज के बेनीराम हुए सम्मानित

**भिलाई।** छ.ग. सर्वसमाज संगठन के द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित सामाजिक समरसता राज्य अलंकरण 2026 सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। समारोह के मुख्य अतिथि सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर, विधायक ललित चन्द्राकर, महापौर शशि सिन्हा, कुलसचिव शा. हेमचंद्र यादव विश्व विद्यालय दुर्ग भूपेन्द्र कुलदीप थे। सामाजिक समरसता राज्य अलंकरण 2026 सम्मान से सम्मानित होने वाले 11 विभूतियों में छ. ग. गंधर्व समाज के बेनीराम बघेल को सम्मानित किया गया। बेनीराम बघेल के सम्मानित होने से गंधर्व समाज में खुशी की लहर है। बेनीराम समाज को संगठित करने, कोरोना काल में समाज के गरीब परिवार को राशन उपलब्ध कराने



एवं समाज के गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक मदद करने सहित अनेक सामाजिक कार्य पिछले 38 वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं। वर्तमान में बेनीराम समाज के प्रांतीय प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी के पद पर रहते हुए सर्व समाज संगठन के साथ समन्वय बनाकर समाज सेवा कार्य कर रहे हैं।

सिंधी समाज का आध्यात्मिक सम्मेलन पीस ऑडिटोरियम में सम्पन्न..

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में सिंधी समाज का आध्यात्मिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें विशेष रुप से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से भिलाई पहुंचे ब्रह्माकुमार महेश ने अपने आध्यात्मिक अनुभव साझा कर सिंध वर्तमान पाकिस्तान से माउंट आबू से विश्व के पांचों महाद्वीपों में ब्रह्माकुमारी संस्था की स्थापना और वहां दे रही सेवाओं से सभी को अवगत कराया। इस दौरान बताया कि ब्रम्हकुमारी संस्था आज जाति बंधन और संस्कृति के बंधनों को तोड़कर पूरे विश्व को एक विशाल वट वृक्ष समान वसुदेव कुटुंब के रूप में शीतल छाया प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगो को मेडिटेशन कराया गया।

इस सिंधी समाज के आध्यात्मिक कार्यक्रम में समाज से जुड़े पदाधिकारी तथा सदस्यों ने सह परिवार उपस्थित रह कार्यक्रम का लाभ लिया।

इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों, ब्रह्माकुमार महेश भाई और राजयोगिनी आशा दीदी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। जिसके बाद डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों को मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

## ब्रम्हकुमारी वट वृक्ष की तरह सभी को शीतल छाया देकर विश्व के पांचों महाद्वीपों में दे रही सेवाएं, ब्रम्हा बाबा की दिखाई फिल्म



### ब्रम्हकुमारी वट वृक्ष की तरह, जो सबको छाया देती है

भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बताया कि संस्था की वरिष्ठ राजयोगिनी दादियां और दीदियों ने जो इस यज्ञ संस्था की शुरुआत की वह आज जाति बंधन और संस्कृति के बंधनों को तोड़कर पूरे विश्व को एक विशाल वट वृक्ष समान वसुदेव कुटुंब के रूप में शीतल छाया प्रदान कर रहा है। उन्होंने सिंधी समाज को संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय आबू राज पर्वत आने के निमंत्रण दिया, जिसे समाज के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों ने बड़ी दीदी से परमात्म निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया।

### कराया राजयोग मेडिटेशन

सिंधी समाज के सदस्यों का डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसके पश्चात संस्था के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा के जीवन पर आधारित भाग्यविधाता फिल्म दिखाया गया। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने सभी को राजयोग मेडिटेशन के बारे में विस्तार पूर्वक बताकर इसका अभ्यास कराया।



**समाज इवेंट**

## उत्कल दिवस पर सेक्टर-9 चौक में महाभोज, ग्रहण किया प्रसाद



**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा 1 अप्रैल को उत्कल दिवस के अवसर सेक्टर 9 चौक के पास महाभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी के नेतृत्व में किया गया। महासचिव तरुण निहाल ने बताया कि जिले के सभी कार्यकर्ता यहां पहुंचे थे। सभी ने महाभोज में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कल दिवस को हर्ष के साथ मनाया गया। ओडिशा का गठन ओडिया लोगों के वर्षों के संघर्ष और असंख्य बलिदानों का परिणाम था। उत्कल दिवस इन संघर्षों को याद करने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम में ठाकुर निहाल, मंटू हरपाल, कैलाश तांडी, मनोज दुर्गा, सुमीत सोना, विदुर तांडी, वर्षा चौहान,सुभद्रा, उमेश बाघ, जग्गनाथ जाल, विशाल सागर, गौरव कुमार, समर, कविता बाघ, रोहन हरपाल, रुपेन्द्र साहू, गोपाल बाघ, कर महानंद, सोपान साहू, रामभजन, सुंदर लाल, अराधना तांडी, रिद्धि महानंद, पूजा सेठिया, अजय नायक, आशीष हरपाल समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सिटी लाइव**

## सेवानिवृत्त 8 कर्मचारियों को निगम में दी गई विदाई



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में सेवानिवृत्त होने वाले 8 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनके सेवाकाल में किये गये कार्यों की सराहना की गई।

इस अवसर पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार उपायुक्त डी के कोसरिया एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को याद करते हुए उनके उज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में भावुक माहौल देखने को मिला, जहां सहकर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। सेवानिवृत्त होने वाले मुख्य अभियंता भागीरथ वर्मा, सहायक ग्रेड-02 उत्तम कुमार साहू, कारपेन्टर अनुरूद्व सिंह यादव, सहायक मिस्त्री जंगली, सफाई कामगार जी चिनैया, जोहरिक राम, गरीबा राम देवांगन एवं बेदलाल टंडन हैं। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण से ही निगम की कार्यप्रणाली मजबूत होती है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए अनके आगामी जीवन के लिए मंगलकामनाएं एवं शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह में निगम के उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अधीक्षक शालिनी गुरव, शशिभूषण मोहंती, वामन राव, राज सच्चर, नवीन साहू, उन्मेश साहू, शंकर साहनी, दशरथ ध्रुव, हेमचंद्र बंजारे, सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रवण ठाकुर सहित निगम कर्मचारी एवं संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पॉवर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग में बिजली कर्मियों ने जीते पदक



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज अंतर्क्षेत्रीय पॉवर लिफ्टंग और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में दुर्ग रीजन की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। विजयी होकर लौटे खिलाड़ियों ने क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव और अतिरिक्त मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम से मुलाकात की।

- दुर्ग रीजन के विजयी होने पर अधिकारियों ने दी बधाई

श्री मेश्राम ने कहा कि खेल हमारे जीवन में उत्साह का संचार करते हैं। कार्य के साथ ही खेल मैदान पर विद्युतकर्मियों का बेहतर प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर वरिष्ठ कल्याण अधिकारी डीके डुम्भरे, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संतोष साहू और कार्यपालन अभियंता अनसुईया ठाकुर मौजूद थे। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के केन्द्रीय क्रीड़ा और कला परिषद के तत्वावधान में अंतर्क्षेत्रीय पॉवर लिफ्टंग और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन मड़वा क्षेत्र में किया गया। शक्तितोलन के विभिन्न कैटेगरी में दुर्ग रीजन की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर 105 किग्रा वर्ग में कुल 740 किग्रा वजन उठाकर राज वासनिक ने स्वर्ण, अंडर 93 किग्रा वर्ग में कुल 490 किग्रा वजन उठाकर राकेश कुमार नायक ने रजत पदक कुल 390 किग्रा वजन उठाकर सुरेन्द्र चौधरी ने कास्य पदक प्राप्त किया। इस स्पर्धा में शरीर शौष्ठव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम ग्रुप 5 फीट 2 इंच श्रेणी में संतोष कुमार और द्वितीय ग्रुप 5 फीट 6 इंच श्रेणी में राकेश कुमार नायक ने रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में दुर्ग रीजन के राज वासनिक शक्तितोलन का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उक्त विजयी प्रतिभागियों के अलावा दुर्ग रीजन की टीम में गिरधारी साहू, शेख मुख्तार, हारुन अहमद अंसारी, रुपेन्द्र सिंह ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को दुर्ग क्षेत्र के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने बधाई दी है।

**अभि-विदा में सीनियर और जूनियर विद्यार्थियों ने फोटो के जरिये यादों को संजोया**

# नए सपनों का स्वागत, पुरानी यादों की विदाई, नेहा बनी मिस फेयरवेल, साड़ी पहन छात्रों ने मारी बाजी

भिलाई। स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको में वाणिज्य, कंप्यूटर साइंस एवं कला संकाय के संयुक्त तत्वावधान में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह अभि–विदा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जहां एक ओर नए विद्यार्थियों के चेहरों पर नए सपनों और उत्साह की झलक दिखाई दी, वहीं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के मन में महाविद्यालय से विदा होने का भावनात्मक क्षण भी देखने को मिला। इस अवसर पर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने महाविद्यालयीन जीवन की मधुर स्मृतियों को साझा किया एवं नवागंतुक विद्यार्थियों एवं शिक्षको ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की, साथ ही विद्यार्थियों के स्वभाव व रुचियां को ध्यान में रखते हुए उन्हें बैच व टाइटल दिया गया। जिसमें मिस्टर फेयरवेल अनमोल सोलोमन और मिस फेयरवेल नेहा वस्त्राकर को सम्मानित किया गया।



### कालेज लाइफ संस्कारों के विकास का केंद्र

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ. शर्मिला सामल ने कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और संस्कारों के विकास का केंद्र है। उन्होंने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कंप्यूटर साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष रुपाली खर्च ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभि–विदा जैसे आयोजन विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।





### रोचक गेम्स में दिखाया हुनर

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और गीतों ने वातावरण में ऊर्जा का संचार किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान रोचक प्रतियोगिता में छात्र प्रतिभागियों को दो मिनट के भीतर साड़ी पहनना, कैटवॉक करना और अंत में साड़ी को व्यवस्थित रूप से फोल्ड करना गेम खेला गया। साथ ही छात्राओं के लिए पासिंग द बॉल नामक मनोरंजक खेल भी आयोजित किया गया। जिसमें मंच पर आकर नृत्य, गीत या मिमिक्री प्रस्तुत किया गया। इस खेल ने पूरे कार्यक्रम में हास्य और उत्साह का वातावरण बना दिया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बी.कॉम द्वितीय सेम. प्रिया सिंह, अलिशा खत्री ने चुनरी चुनरी नृत्य प्रस्तुत करते ही सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अलिशा खत्री और वंश तुरकर ने हुआ छोकरा जवां रे और बी.कॉम तृतीय वर्ष के छात्रों ने गिव मी सम सनशाइन प्रस्तुत करते ही विद्यार्थियों के पैर खुद-ब-खुद थिरकने लगे।

### यह रहे टायटल विजेता

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को विभिन्न विशेष टाइटल्स प्रदान किए गए। जिसमें बीसीए मिस्टर फेयरवेल अनमोल सोलोमन, मिस फेयरवेल नेहा वस्त्राकर, ऑलराउंडर के. हेमराजू, मिस एलिगेंट नित्या साहू को सम्मानित किया गया। वाणिज्य विभाग से बी.कॉम तृतीय वर्ष ऑलराउंडर लिखिता, मिस्टर हैंडसम अंश उइके, बी.कॉम तृतीय वर्ष मिस्टर फ्रेशर्स वंश तुरकर, बी.कॉम द्वितीय सेम मिस फ्रेशर्स प्रिया सिंह, बी.कॉम द्वितीय सेम मिस्टर फेयरवेल हनिश दास, बी.कॉम तृतीय वर्ष, मिस फेयरवेल नंदिनी कर, बी.कॉम तृतीय वर्ष कला संकाय से मिस फ्रेशर अपेक्षा राजपूत बीए प्रथम वर्ष रहे। महाविद्यालय की स्मृतियों को संजो कर रखने एक पौधा और महाविद्यालय का मोनो लगा कप प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन अमरजीत और सीमा पाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विजय मिश्रा स.प्रा. वाणिज्य, संतोषी, तिलक साहू, इंद्राणी दास उपस्थित रहे।

**भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम**

## महिला दिवस और होली मिलन आयोजन में दिया एकता का संदेश



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा भिलाई जिला द्वारा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली मिलन समारोह का आयोजन भाजपा कार्यालय में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। महिलाओं ने फूलों की होली खेलकर एकता, समानता और समरसता का संदेश दिया। साथ ही यह संकल्प दोहराया कि वे राजनीतिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी निरंतर निर्वहन करती रहेंगी। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं और उपस्थित वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी एवं श्रीमती रजनी बघेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। मुख्य अतिथि श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि महिला दिवस पूरे देश में उत्साह के साथ मनाया जाता है और भिलाई में इतनी बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की सक्रिय भागीदारी सराहनीय है। महिलाएं संगठनात्मक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं, जिनका सीधा लाभ मातृशक्ति को मिल रहा है। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि देश की आधी आबादी मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करती है और भाजपा सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर सम्मान देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, जिला महामंत्री सविता नाहक, स्वाति गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रीति जाधव आदि उपस्थित थे।

**प्रशिक्षण कार्यशाला**

## गाय पालन प्रबंधन व उद्यमिता विकास विषय पर विशेषज्ञों ने दिए टिप्स



**दुर्ग।** दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन तथा अधिष्ठाता डॉ. सुशांत पाल, निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. मनोज गेंदले के नेतृत्व में पशुचिकित्सा और पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा में गाय पालक किसानों व उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गाय पालन प्रबंधन व उद्यमिता विकास विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का समापन कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मुख्य आतिथ्य, कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. मनोज गेंदले, अधिष्ठाता डॉ. सुशांत पाल, प्रशिक्षण आयोजक डॉ.रामचंद्र रामटेके, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी सहित अन्य प्राध्यापकों, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा महासमुंद से आए 30 प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में किया गया। इस प्रशिक्षण के आयोजन में महासमुंद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने एनआरएलएम योजना से वित्तीय सहायता प्रदान की। निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. मनोज गेंदले ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए गायपालन एक सशक्त साधन बनता जा रहा है। गाय पालन प्रबंधन और उद्यमिता विकास से न केवल पशुपालकों की आय बढ़ेगी अपितु महिलाओं तथा युवाओं को स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन का विशेष स्थान है। वैज्ञानिक पद्धति द्वारा गाय पालन कर छोटे और भूमिहीन किसान व पशुपालक भी अधिक से अधिक आर्थिक लाभ अर्जित कर सकते है। अधिष्ठाता डॉ.सुशांत पाल ने बताया कि गाय का दूध और खाद्य उत्पादों की बाजार में लगातार बढ़ती मांग से यह व्यवसाय कम लागत में अधिक लाभ दने वाला सिद्ध हो रहा है।

**घासीदास सेवा समिति ने मनाया गुरु बालक दास का शहादत दिवस**

# गुरु बालक दास के बलिदान को किया नमन, समाज सुधार के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति, सेक्टर-6 भिलाई के तत्वावधान में शूरवीर एवं बलिदानी राजा गुरु बालक दास का शहादत दिवस सतनाम भवन प्रांगण में श्रद्धा, सम्मान और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख जनों, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की काफी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संध्या बंजारे एसडीओ, लोक निर्माण विभाग खैरागढ़, अध्यक्ष बी.एल. कुर्रे एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा गुरु बालक दास जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर सतनाम भजन मंडली ने उनके जीवन पर आधारित भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।



### समाज को समानता, शिक्षा व अधिकारों के प्रति किया जागरूक

मुख्य अतिथि संध्या बंजारे ने कहा कि गुरु बालक दास सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे, जिन्होंने सामंतशाही और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सती प्रथा, बाल विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई तथा समाज को संगठित करने का कार्य किया। उनका जीवन संघर्ष और बलिदान आज भी हमें समाज सेवा और अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बी.एल. कुर्रे ने कहा कि गुरु बालक दास, बाबा गुरु घासीदास के द्वितीय सुपुत्र थे, जिन्होंने सतनाम पंथ के प्रचार-प्रसार के साथ समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और भेदभाव को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने सतनाम सेना का गठन कर समाज को एकता के सूत्र में बांधा और विभिन्न पदों के माध्यम से संगठन को सशक्त बनाया। वक्ताओं ने 28 मार्च 1860 को मुंगेली के निकट औराबांधा में हुए उनके बलिदान को याद करते हुए समाज को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न अतिथियों एवं समाजसेवियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### बालक दास के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया गया संकल्प

कार्यक्रम का संचालन नेतराम गिलहरे और आभार प्रदर्शन राजेंद्र महिलांग ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और सभी ने गुरु बालक दास जी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भागवत बंजारे, रामजी गायकवाड़, सरयू प्रसाद बारले, जवाहर कौशल, शांतिलाल मिर्चे, कृष्णा पात्रे, शोभा खिलाड़ी, प्रमिला डहरे, समिति के कोषाध्यक्ष आर .सी. देशलहरा, सचिव दिवाकर गायकवाड़, टेकराम बंजारे, एस.आर.नौरंगे, रूपेश बारले, त्रिलोचन डेहरे, सतीश डहरे, शंभू लाल डहरिया, किशोर भारद्वाज, सागर टंडन, मनबोधी कुर्रे, योगेश्वर चतुर्वेदी, नोहर सिंह कुर्रे, कैलाश चतुर्वेदी, उषा देशलहरा, बिसाहू राम बघेल, भामनी बंजारे सहित अन्य समाजिक जनों की उपस्थिति रही।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप में रायपुर ब्लू की शानदार जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रायपुर विरुद्ध रायपुर ब्लू ने 155 रन से जीत लिया। सिविक सेंटर स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू दूसरी पारी में अपने कल के स्कोर 8 विकेट पर 176 रन से आगे खेलते हुए 181 रन बनाकर आउट हो गई।

रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 95.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 383 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से सानिध्य हुरकत ने शानदार 140 रन बनाये। उनके अतिरिक्त प्रतीक यादव ने 62 रन तथा शाश्वत शारदा ने 39 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से गगनदीप सिंह ने 4 विकेट तथा आयुष सिंह ठाकुर ने 3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने अपनी पहली पारी में 74 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 225 रन बनाये। रायपुर की ओर से किवनूर सिंह ने 52 रन, आयुश पांडे ने 49 रन तथा ऋषि शर्मा ने 35 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से उत्कर्ष तिवारी ने 5 विकेट तथा मो. सुहैल तथा ने 3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 56.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 181 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से प्रतीक यादव ने 95 रन बनाये। उनके अतिरिक्त सुमित रुइकर ने 31 रन तथा शाश्वत शारदा ने 24 रन बनाये। रायपुर की ओर से वरुण सिंह भुई ने 4 विकेट तथा गौरव चतुर्वेदी तथा आशीष चौहान ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। 340 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर की पूरी टीम 37.1 ओवरों में 184 रन बनाकर आउट हो गयी। रायपुर की ओर से आयुष पांडे ने 40 रन तथा आयुष ठाकुर ने 31 रन बनाये। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से मो. सुहैल ने 5 विकेट तथा अमितेश पांडे ने 3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने मैच 155 रनों से जीत लिया।

मैच के अंपायर मोहम्मद दाऊद अंसारी एवं सुनील कुमार डार्सेना, स्कोरर बीसीसीआई के मनोज कुमार तिवारी और ऑब्जर्वर साई कुमार थे। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वी मोहन दास एवं संयुक्त सचिव अजय तिवारी थे। इस अवसर पर चयनकर्ता श्री नागी , राजेश सिंह परिहार, मोहम्मद तसनीम एवं अभ्युदकांत, रायपुर ब्लू टीम के कोच ओंमकार वर्मा एवं मैनेजर रवि चंद्रा थे। रायपुर टीम के कोच मोहतसिम हसन एवं मैनेजर जसप्रीत हंसपाल, फिजीयो डॉक्टर योगेंद्र सिंह राजपूत, चयनकर्ता परमजीत सिंह और रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव जितेंद्र टांक उपस्थित थे।

### नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम



**रायपुर।** आगरा में 2 से 4 अप्रैल तक होने जा रही नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन एम के तत्वाधान में राज्य की टीम हिस्सा लेगी। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा से कुल 52 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें महिला-पुरुष और दिव्यांग पावर लिफ्टर शामिल हैं। पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल सभी को शुभकामनाएं दी है। टीम में रोहन तिवारी, जय नारायण अग्रवाल, प्रतीक चंद्राकर, सत्यजीत पृष्टि, भास्कर साहू, देवेंद्र चोरका, मुनींद्र साहू, नीतेश्वर तराम, रॉबिन चौहान, यशवर्धन सोनी, आशीष निषाद, भूमि नेभवानी, यश राजपूत, हर्ष बैरागी, विनय वैष्णव, संदीप जायसवाल, शुभम वैष्णव, संतोष बंधाते, श्रीकांत अड़े, मंजू इंगले, नवीन चंद्र कपूर, कमला देवी मांगतानी, दिव्यांग खिलाड़ी में किशन लाल साहिल, उदय कुमार, ललित कुमार ठाकुर, दुष्यंत ध्रुव, एलन बंसोड, किशन कश्यप, भूपेंद्र राजपूत, हरि सोनवानी, देव सिंह अहीरे, राजेंद्र ग़ेहानी, किशोर साहू, अजय ओगरे, विजय कुमार कौशिक, मुकेश लहरें, दिलदार सिंह कंवर, जीवन लाल राठिया, अशोक कुमार पटेल, गोस्वामी, ब्रिज नंद पैकरा, सुंदर कुशराम, चंद्रपाल मानिकपुरी, बजरंग पटेल, टीकम सिंह सोरी, हरीश कुमार, तोरण सिंह, छोटी मेहरा, मनीषा और चतुर दास सोनवानी शामिल हैं। दिव्यांग खिलाड़ी के कोच एवं मैनेजर किशन लाल एवं महिला पुरुष खिलाड़ी के कोच एवं मैनेजर मुनींद्र साहू होंगे।

### सीएससीएस का मेंस अंडर-23 ट्रायल आज से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से मेंस अंडर-23 सिलेक्शन ट्रायल 2 से 5 अप्रैल तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रोजाना सुबह 7:00 से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 2 अप्रैल को दंतेवाड़ा,बस्तर, रायगढ़, महासमुंद और रायपुर के लिए, 3 अप्रैल को नारायणपुर, कांकेर, धमतरी, भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) और बिलासपुर के लिए, 4 अप्रैल को सरगुजा, कोरबा, जांजगीर-चांपा, कवर्धा, राजनांदगांव के लिए और 5 अप्रैल को शेष का ट्रायल होगा।

## कोलेस्ट्रॉल की उचित मात्रा हमारे शरीर के लिए जरूरी, रहें सावधान

# कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से हार्ट अटैक का खतरा लेकिन कम होना भी जोखिम, जानिए कितनी होती है इसकी जरूरत

ब्लड में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण होने वाली समस्याओं से हम सभी परिचित हैं, ये हृदय रोगों और हार्ट अटैक का प्रमुख कारण माना जाता है। आहार और लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है, जिसके कारण होने वाले जोखिमों को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट करते रहे हैं। पर क्या आप जानते हैं कि कोलेस्ट्रॉल असल में शरीर के सामान्य कार्यों को लिए जरूरी होता है। इतना ही नहीं अगर ब्लड में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा ज्यादा कम हो जाती है तो इसके कई प्रकार के साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं।

हाई कोलेस्ट्रॉल के स्तर से कोरोनरी आर्टरी डिजीज का जोखिम रहता है। पर यहां जानना जरूरी है कि कोलेस्ट्रॉल की उचित मात्रा हमारे शरीर के लिए जरूरी भी है। कोलेस्ट्रॉल एक मोमी, वसा जैसा पदार्थ होता है। ये सेल मेंब्रेन और कई प्रकार के हार्मोन्स के निर्माण में महत्वपूर्ण माना जाता है। आइए जानते हैं कि इसकी अधिकता और कमी का शरीर पर क्या असर होता है?

### कोलेस्ट्रॉल भी शरीर के लिए जरूरी

कोलेस्ट्रॉल की कमी से होने वाले दुष्प्रभावों को जानने से पहले ये समझना जरूरी है कि ये



दो प्रकार का होता है- गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। हृदय रोगों के लिए जिस कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने को हानिकारक माना जाता है वह है बैड कोलेस्ट्रॉल। ये रक्त वाहिकाओं में जमा होकर खून के संचार को बाधित कर देता है जिससे हृदय और शरीर के अन्य अंगों में पर्याप्त मात्रा में रक्त नहीं पहुंच पाता है। इसकी अधिकता के कारण हार्ट अटैक तक होने का जोखिम हो सकता है।पर गुड कोलेस्ट्रॉल का स्तर ठीक बना रहना सेहत के लिए आवश्यक है।

### गुड कोलेस्ट्रॉल क्या है?

गुड कोलेस्ट्रॉल को एचडीएल (हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है। ये रक्त में अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल को अवशोषित करता है और इसे वापस लिवर में ले जाता है फिर लिवर इसे शरीर से बाहर निकाल देता है।



एचडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर ठीक रहने से हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। आहार को ठीक रखकर शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।

### गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी से होने वाली समस्याएं

कोलेस्ट्रॉल की अधिकता की अक्सर चर्चा होती है पर क्या आप जानते हैं कि अगर ब्लड में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा सामान्य से कम हो जाए तो इसके कई प्रकार के नुकसान भी हो सकते हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ अभी भी लो गुड कोलेस्ट्रॉल और इसके कारण होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के बीच संबंध के बारे में अधिक जानने की कोशिश कर रहे हैं। बहुत लो




एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को कैसे परिभाषित किया जाए, इस पर भी कोई सहमति नहीं है, लेकिन एचडीएल को बहुत कम तब माना जा सकता है यदि यह 40 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर से कम है।

### गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी के जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी के मामले काफी दुर्लभ हैं, पर कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि एचडीएल कोलेस्ट्रॉल का बहुत कम स्तर कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी के कारण कैंसर, रक्तस्त्रावी स्ट्रोक, अवसाद-चिंता विकार हो सकता है। इसके अलावा यदि गर्भावस्था के दौरान आपका गुड कोलेस्ट्रॉल कम हो जाता है तो समय से पहले जन्म और जन्म के समय बच्चे का वजन कम होने का खतरा हो सकता है। हालांकि इस तरह के मामले कम देखे जाते रहे हैं।

# तैयार करके रखें ऐसे स्नैक्स, खुश हो जाएंगे आपके मेहमान



स्नैक्स हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। हर घर में कुछ न कुछ स्नैक्स जरूर होता है। लेकिन परेशानी तब आती है, जब अचानक कोई मेहमान आ जाए और घर पर स्नैक्स न हो। कई बार ऐसा भी होता है कि आपको कुछ चटपटा खाने का दिल हो रहा है और घर पर स्नैक्स न हो। ऐसे में आपको जल्द तैयार होने वाले स्नैक्स के बारे मे जरूर जानना चाहिए।

### पोहे की नमकीन

पोहे की नमकीन बनाना काफी आसान है। अगर आपको नमकीन खाने का शौक है, तो आप पोहा नमकीन बनाकर तैयार करा सकती हैं। ये खाने में काफी हल्की होती है, इसलिए आप इसे जब चाहें इस्तेमाल कर सकती हैं।

### मखाने की नमकीन

आप मखाने को अच्छी तरह से भून कर इसे डिब्बे में बंद करके रख सकती हैं। मखाने भूनने के बाद इसकी नमकीन तैयार करें। इस नमकीन का सेवन अगर आप करेंगे तो ये आपको दिनभर एनर्जी प्रदान करेगी। वहीं मेहमान भी खुश रहेंगे।

### आलू के चिप्स

कहा जाता है कि हल्का खाना शरीर के लिए फायदेमंद होता है। ऐसे में आलू के चिप्स बनाकर आप रख सकती हैं। इसे पहले से तैयार करके अगर आप रख लेंगी, तो आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।

### फ्राइज

आप पहले से कुछ दिनों के लिए घर पर ही बाजार के जैसे फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज बनाकर स्टोर कर सकती हैं। जब भी इसे खाना चाहें तो बस फ्राइज लेकर उसे तल लें, या बेक कर लें।

# बची रखी है रात की रोटी तो उससे तैयार करें पिज्जा

अगर आपके खाने में भी रोटी बच गई है तो उससे आप अपने बच्चों के लिए रोटी पिज्जा तैयार कर सकते हैं। यहां हम आपको इसकी रेसिपी बताने जा रहे हैं।

रोटी पिज्जा बनाने के लिए सबसे पहले बची हुई रोटियों को तैयार करें। रोटी को हल्का सा सेक लें ताकि यह तवे पर रखने पर आसानी से क्रिस्पी बन जाए और नीचे जलने न पाए। अब तवे को मध्यम आंच पर गर्म करें और रोटी को तवे पर रखें। हर रोटी के ऊपर 1-2 चम्मच पिज्जा सॉस फैलाएं। इसके ऊपर अपने पसंदीदा सब्जियां जैसे कि बारीक कटा प्याज, शिमला मिर्च, टमाटर और कॉर्न रखें।

स्वाद बढ़ाने के लिए थोड़ा नमक, और ओरगेनो छिड़कें। अब इसके ऊपर अपने बच्चों की पसंद के अनुसार चीज़ डालें। चीज को संतुलित रखें ताकि



पिघलते समय पिज्जा बहुत भारी न हो। तवे पर पिज्जा को ढक कर 4-5 मिनट तक पकाएं या जब तक चीज़ पूरी तरह पिघलकर रोटी पर अच्छे से सेट न हो जाए।

ध्यान रखें कि आंच मध्यम रहे ताकि रोटी जलने से बची रहे और हल्की क्रिस्पी बन जाए। पिज्जा तैयार होने के बाद इसे तुरंत प्लेट में निकालें और बच्चों के लिए गर्मागर्म सर्व करें। आप इसे हरी चटनी या टमाटर सॉस के साथ परोस सकते हैं, जिससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है।



# घर के हर कोने में छिपी है किस्मत की कुंजी, फेंग शुई से जानें महत्वपूर्ण रहस्य

फेंगशुई, प्राचीन चीनी दर्शन, घर की संरचना को ऊर्जा के प्रवाह से जोड़ता है। 'फेंग' का अर्थ हवा और 'शुई' का अर्थ पानी है, जो जीवन की सकारात्मक ऊर्जा 'ची' को संतुलित करने पर केंद्रित है। घर का हर कोना, चाहे वह उत्तर हो या दक्षिण, जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करता है। अगर कोई कोना अव्यवस्थित या नकारात्मक ऊर्जा से भरा हो, तो यह जीवन में असंतुलन पैदा कर सकता है। आधुनिक जीवनशैली में, जहां तनाव और भागदौड़ आम है, फेंग शुई घर को शांतिपूर्ण बनाने का सरल तरीका प्रदान करता है।

### ईवल आई से जुड़े ये फेंगशुई उपाय करेंगे आपके घर की रक्षा

घर की उत्तर दिशा फेंग शुई में जल तत्व से जुड़ी होती है, जो करियर और जीवन की दिशा को नियंत्रित करती है। इस कोने में अव्यवस्था या अंधेरा होने से नौकरी में बाधाएं आ सकती हैं, जबकि इसे साफ-सुथरा रखने से अवसरों का प्रवाह बढ़ता है। उदाहरण के लिए, यहां नीले रंग की वस्तुएं या पानी से संबंधित तत्व जैसे फव्वारा रखें। एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग इस दिशा को संतुलित रखते हैं, वे अपनी पेशेवर जिंदगी में अधिक आत्मविश्वास महसूस करते हैं। याद रखें, उत्तर कोना घर की नींव है; इसे मजबूत बनाएं तो जीवन की राह आसान हो जाती है।



### दक्षिण दिशाः प्रसिद्धि और सामाजिक मान्यता का केंद्र

दक्षिण कोना अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करता है, जो प्रसिद्धि, मान्यता और ऊर्जा से जुड़ा है। अगर यह क्षेत्र गंदा या बंद हो, तो सामाजिक जीवन में असफलताएं आ सकती हैं। लाल रंग की सजावट, मोमबत्तियां या उज्ज्वल रोशनी यहां सकारात्मक ची को आमंत्रित करती है। फेंग शुई विशेषज्ञों का मानना है कि इस कोने को सक्रिय रखने से व्यक्ति की छवि मजबूत होती है, जैसे कि कोई कलाकार या व्यवसायी अपनी पहचान आसानी से बना सकता है। घर में यह दिशा आत्मसम्मान को बढ़ाती है, इसलिए इसे अनदेखा न करें।

### पूर्व दिशाः स्वास्थ्य और पारिवारिक सुख का स्रोत

पूर्व दिशा लकड़ी तत्व से संबद्ध है, जो स्वास्थ्य, परिवार और विकास को प्रभावित करती है। इस कोने में हरे पौधे या लकड़ी की वस्तुएं रखने से शारीरिक ऊर्जा बढ़ती है और पारिवारिक रिश्ते मजबूत होते हैं। अगर यहां कूड़ा जमा हो, तो बीमारियां या झगड़े बढ़ सकते हैं। फेंग शुई के अनुसार, पूर्व कोना जीवन की जड़ है; इसे पोषित करने से पूरे परिवार खुश रहता है। आधुनिक घरों में, जहां स्पेस की कमी है, यहां एक छोटा गार्डन या फोटो फ्रेम्स रखकर संतुलन बनाया जा सकता है।

### पश्चिम दिशाः रचनात्मकता और संतान सुख की कुंजी

पश्चिम कोना धातु तत्व का है, जो रचनात्मकता, बच्चे और भविष्य से जुड़ा होता है। सफेद या धातु की वस्तुएं यहां रखने से विचारों का प्रवाह बढ़ता है और संतान से संबंधित खुशियां मिलती हैं। अगर यह क्षेत्र अव्यवस्थित हो, तो रचनात्मक ब्लॉक या पारिवारिक तनाव हो सकता है। फेंग शुई में इसे 'सृजन का द्वार' कहा जाता है; इसे खुला रखें तो जीवन में नई शुरुआतें आसान हो जाती हैं। कलाकारों या माता-पिता के लिए यह दिशा विशेष महत्वपूर्ण है।



कार्नर न्यूज

## आपके शरीर की व्याधियों को बताती हैं गर्दन की रेखाएं

# गर्दन पर पड़ी रेखाएं बताती हैं आपकी सेहत का हाल, इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

गर्दन पर पड़ने वाली रेखाओं को सिर्फ स्किन की परेशानी समझ कर नजरअंदाज करने की भूल न करें। असल में ये रेखाएं गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकती हैं, इसलिए आपको इसकी असल समस्या को जानना और समझना होगा।

त्वचा न सिर्फ शरीर का बाहरी आवरण है, बल्कि यह पूरे शरीर का प्रतिबिंब है। शरीर की अंदरुनी समस्याओं के लक्षण अक्सर त्वचा पर दिख जाते हैं, जैसे कि गर्दन पर पड़ने वाली रेखाएं भी काफी हद तक आपकी सेहत का हाल बयां करती हैं। ऐसी स्थिति में गर्दन पर पड़ी रेखाओं से निजात दिलाने में सिर्फ स्किन केयर कारगर साबित नहीं हो सकता है, बल्कि इसके लिए आपको इसकी असल समस्या को जानना और समझना होगा।

आपको बताने जा रहे हैं कि कि गर्दन पर पड़ने वाली रेखाएं किस तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकती हैं। महाराष्ट्र के शताब्दी हॉस्पिटल के स्किन एंड हेयर स्पेशलिस्ट डॉ. विप्लव कांबले से साझा की गई जानकारी खास आपके लिए।




डॉ. विप्लव कांबले बताते हैं कि किसी व्यक्ति के त्वचा के प्रकार और उसमें होने वाले बदलाव से काफी हद तक आंतरिक स्वास्थ्य स्थिति का पता चलता है। बात अगर आप गर्दन पर पड़ने वाली रेखाओं की करें तो धूप, बाहरी प्रदूषण के अलावा शारीरिक स्थिति भी इसके लिए काफी हद तक जिम्मेदार हो सकती है। ऐसे में स्किन केयर के बावजूद आपके गर्दन पर रेखाएं बनती दिख रही हैं तो आपको इसके लिए गंभीर होने की जरूरत है।

डॉ. विप्लव कांबले के अनुसार, कुछ शारीरिक समस्याओं और परिस्थितियों में गर्दन पर रेखाएं उभरने लगती हैं। इसलिए गर्दन पर पड़ने वाली रेखाओं को सिर्फ स्किन की परेशानी समझ कर नजरअंदाज करने की भूल न करें। असल में, ये रेखाएं गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकती हैं। चलिए अब उन समस्याओं के बारे में भी जान लेते हैं जिनके चलते ऐसी रेखाएं गर्दन पर दिखने लगती हैं।

### डायबिटीज

अगर आपकी गर्दन पर काली रेखाएं या परत सी जम रही है तो यह डायबिटीज का संकेत हो सकता है। बता दें कि शरीर में इंसुलिन रेजिस्टेंस की वजह से इस तरह की स्किन समस्या उत्पन्न होती है, जिसे मेडिकल टर्म में एकैन्थोसिस नाइग्रिकन्स कहते हैं। इस स्थिति में शरीर में इंसुलिन की अधिकता के चलते गर्दन और दूसरी



जगहों पर रेखाएं और काले धब्बे दिखने शुरू हो जाते हैं। इसलिए अगर आपकी गर्दन पर असामान्य रूप से रेखाएं दिखती हैं तो अपना शुगर जरूर चेक करें।

### थायराइड

थायराइड की समस्या में भी गर्दन पर रेखाएं बननी शुरू हो जाती हैं। डॉ. विप्लव कांबले बताते हैं कि थायराइड में हार्मोनल असंतुलन के कारण स्किन संबंधी समस्याएं अक्सर हो जाती हैं, जिनमें गर्दन पर रेखाओं का दिखना भी शामिल है। इस तरह से देखा जाए तो थायराइड के कारण गर्दन पर रेखाएं और काली परत का दिखना एक आम लक्षण है, जिसकी समय रहते पहचान जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि थायराइड के कारण अक्सर शारीरिक थकान और कमजोरी की समस्या इस हद तक बढ़ जाती है कि लोगों के लिए सामान्य जीवन जी पाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए स्थिति गंभीर होने से पहले ही इस संकेत को समझना जरूरी है।

### मानसिक तनाव

मानसिक तनाव भी हमारी त्वचा की रूप-रंगत पर असर डालता है। असल में तनाव की स्थिति में शरीर में कोर्टिसोल का उत्पादन बढ़ जाता है, जिसके चलते कोलेजन उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कोलेजन की कमी के कारण पूरे शरीर के साथ ही गर्दन की त्वचा की रंगत भी बिगड़ने लगती है।

